वर्ष-3, अंक-313
इन्दौर गुरुवार 07 मई 2026 पृष्ठ 8,
मूल्य 2 रु.

दैनिक राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761,

चाणक्य नीति

जिस ने अपने मन पर विजय प्राप्त कर लिया, वो किसी भी हार से उबरकर फिर से उठ सकता है।

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

शपथ ग्रहण की तैयारी के बीच पश्चिम बंगाल में हिंसा जारी, हालात चिंताजनक, चुनाव आयोग और प्रशासन हुआ सख्त, पांच राज्यों में सत्ता परिवर्तन की तैयारी तेज

कई इलाकों में हिंसक झड़पें

अब तक 4 की मौत...

शपथ ग्रहण की तारीखें लगभग तय

- बंगाल में 9 तो असम में 12 मई को शपथ ,तमिलनाडु में विजय ने दावा पेश किया
- केरल और पांडुचेरी में भी जल्द ही नई सरकार

ममता नहीं देती इस्तीफा तो उन्हें बाहर करें: जेठमलानी

चुनाव में हार के बाबजूद इस्तीफा नहीं देने पर सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील जेठमलानी ने कहा कि अगर ममता इस्तीफा देने से मना करती है, तब उन्हें बाहर कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वे जबरन अपने पद पर बनी रहती हैं, तब राज्यपाल पुलिस फोर्स भेजकर उन्हें पद से हटा सकते हैं।

● कोलकाता/नई दिल्ली, ईएमएस

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद से शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही झड़पों ने साल 2021 के चुनाव बाद हुए घटनाक्रम की यादें ताजा करा दी हैं। अब तक कम से कम चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं।

चुनाव के दौरान भारी संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती के चलते मतदान प्रक्रिया अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रही, लेकिन नतीजे घोषित होने के बाद स्थिति तेजी से बिगड़ती चली गई। कई जगहों पर तृणमूल कांग्रेस के कार्यालयों पर हमले, आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं। इसके अलावा पार्टी समर्थकों और कार्यकर्ताओं के घरों को भी निशाना बनाया गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है।

अराजकता बर्दाश्त नहीं: पुलिस आयुक्त

वहीं कोलकाता के पुलिस आयुक्त अजय नंद ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हिंसा में शामिल तत्वों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, विजय जुलूसों में बुलडोज़र के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी गई है, ताकि स्थिति को और बिगड़ने से रोका जा सके। प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं, लेकिन ताजा घटनाएं यह संकेत दे रही हैं कि राज्य में शांति बहाल करना अभी भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। देश के पांच राज्यों में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों के बाद नई सरकारों के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम समेत अन्य राज्यों में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और राजनीतिक गतिविधियां चरम पर पहुंच गई हैं।

ज्ञानेश ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

बंगाल में स्थिति गंभीर होते देख मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राज्य के वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन को कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए हर संभव कदम उठाने को कहा गया है।

विजय के शपथ ग्रहण की तारीख तय नहीं

तमिलनाडु में टीवीके के प्रमुख विजय ने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। 234 सदस्यीय विधानसभा में पार्टी को बहुमत से अभी भी 11 विधायकों की कमी है, लेकिन कांग्रेस के पांच विधायकों का समर्थन मिल चुका है। वहीं कहा जा रहा है कि राज्यपाल ने 112 की जगह 118 विधायक साथ लाने को कहा है।

सूत्रों के मुताबिक, यदि समर्थन का आंकड़ा पूरा होता है तो राज्य में शपथ ग्रहण समारोह 10 या 11 मई के बीच आयोजित हो सकता है।

असम में 12 मई को शपथ ग्रहण

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। ऐसे में जानकारी मिल रही है कि यहां नई सरकार का शपथ समारोह 12 मई को हो सकता है, जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी समेत पार्टी का शीर्ष नेतृत्व भी उपस्थित रह सकता है। सूत्रों का दावा है कि तीसरी बार हिमंत बिस्वा सरमा को ही सीएम का पद मिलने की संभावना है।

अन्य दो राज्यों में भी कवायद तेज

इसके अलावा, दो अन्य राज्यों में भी सरकार गठन को लेकर राजनीतिक दलों के बीच बैठकें जारी हैं। इन राज्यों में 11 से 13 मई के बीच शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जाने की संभावना है।

भारत-वियतनाम के बीच हुए 13 एमओयू

अब भारत की दवाइयों का एक्सेस बढ़ेगा

पीएम मोदी ने कहा- अब हम चम्पा सभ्यता की मैन्युस्क्रिप्ट को भी डिजिटलाइज करेंगे

नई दिल्ली, ईएमएस। वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम इन दिनों भारत दौरे पर हैं। उनके इस दौरे को देशों के द्विपक्षीय संबंधों में गति देने वाला माना जा रहा है। भारत और वियतनाम अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत सहयोग को और गहरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। दोनों देशों के बीच 13 डील हुई हैं।

पीएम मोदी ने बताया कि हमारी साझा विरासत को जीवंत रखने के लिए, हम वियतनाम के प्राचीन चम्पा सभ्यता के मी सॉन और न्हान टवर मंदिरों का पुनर्निमाण कर रहे हैं। अब हम चम्पा सभ्यता की मनुस्क्रिप्ट को भी डिजिटलाइज करेंगे और इस अमूल्य धरोहर को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और वियतनाम की साझेदारी में, विरासत और विकास- दोनों का महत्व है। पिछले साल जब भारत से बौद्ध अवशेष वियतनाम गए, तो उनके दर्शन डेढ़ करोड़ से ज्यादा वियतनाम के लोगों ने किए थे। पीएम ने कहा कि हमारी ड्रग अथॉरिटी के बीच एमओयू से अब भारत की दवाइयों का वियतनाम में एक्सेस बढ़ेगा। भारत के एग्रीकल्चर, फिशरीज और एनिमल प्रोडक्ट्स का भी, वियतनाम तक एक्सपोर्ट और सुगम होने जा रहा है। फाइनेंशियल सर्विस को भी बूस्ट करने के लिए, हमने अपने सेंट्रल बैंक्स के बीच सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है। भारत के यूपीआई और वियतनाम के फास्ट पेमेंट सिस्टम भी जल्द ही लिंक होने जा रहे हैं। भारत की पॉलिसी के बारे में बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वियतनाम भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और विजन महासागर का एक मुख्य स्तंभ है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भी हमारा कॉमन आउटलुक है। हम अपनी सुदृढ़ होती हुई रक्षा और सुरक्षा सहयोग से रूल ऑफ लॉ शांति, स्थिरता और समृद्धि के प्रति योगदान देते रहेंगे। वियतनाम के सहयोग से भारत, आसियान के साथ अपने संबंधों को भी और व्यापक बनाएगा। भारत के संस्कृति मंत्रालय और वियतनाम के संस्कृति, खेल और पर्यटन मंत्रालय के बीच 2026-30 के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान हुआ।

ईरान नहीं झुकेगा

अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत बातचीत को तैयारः राष्ट्रपति पेजेशकियान

तेहरान, ईएमएस। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने इराक के प्रधानमंत्री-नामित अली अल-जैदी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान स्पष्ट किया है कि तेहरान अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन किसी भी बाहरी दबाव के आगे नहीं झुकेगा।

राष्ट्रपति पेजेशकियान ने अमेरिका की नीति पर सवाल उठाकर कहा कि एक ओर वह देश पर दबाव बना रहा है और दूसरी ओर चाहता है कि ईरान बातचीत की मेज पर आकर उसकी एकतरफा मांगों के सामने आत्मसमर्पण कर दे, जो कि असंभव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान मूल रूप से युद्ध और असुरक्षा को किसी भी तरह से उचित विकल्प नहीं मानता, लेकिन परमाणु तकनीक से वंचित भी नहीं किया जा सकता। पेजेशकियान ने कहा कि अमेरिका इसतरह का व्यवहार कर रहा है जैसे ईरान को परमाणु उद्योग रखने का अधिकार ही नहीं है और अत्यधिक मांगें सामने रखकर उस पर अतिरिक्त दबाव डालता है।

उपज का एक-एक दाना कीमती भुगतान में देरी बर्दाश्त नहीं

मुख्यमंत्री की किसान हितैषी नीति से चौरई के 64 किसानों को मिलेंगे लगभग एक करोड़ रुपये

भोपाल, ईएमएस। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की किसान हितैषी नीतियों और मंडी बोर्ड की सक्रियता का परिणाम है कि कृषि उपज मंडी समिति चौरई की अपील पर माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा 64 कृषकों को उनके द्वारा विक्रय की गई उपज की राशि 96 लाख 51 हजार 500 रुपये के भुगतान करने के आदेश प्रसारित हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में किसान के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कृषि उपज मंडी समिति चौरई में पंजीकृत अनुज्ञप्तिधारी फर्म ज्ञाताश्री ट्रेडर्स, चौरई के द्वारा कृषकों से खरीदी गई अधिसूचित कृषि उपज का भुगतान नहीं करने पर मंडी समिति ने त्वरित कार्रवाई की। न्यायालय तहसीलदार, चौरई द्वारा फर्म से वसूली के लिए आर.आर.सी. जारी कर 96,51,500 रुपये (छियानबे लाख इक्यावन हजार पांच सौ रुपये) की वसूली की गई और राशि मंडी समिति के खाते में जमा कराई गई। मुख्यमंत्री के निर्देश पर म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सिविल कोर्ट/जिला कोर्ट से अनुमति नहीं मिलने पर मंडी समिति की ओर से उच्च न्यायालय जबलपुर में अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दायर की गई। उच्च न्यायालय द्वारा 30 अप्रैल 2026 को किसान हित में निर्णय पारित कर भुगतान की स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'उपज का एक-एक दाना कीमती है। मंडी व्यवस्था में पारदर्शिता और समय पर भुगतान हमारी प्राथमिकता है।' उन्होंने मंडी बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश की सभी मंडी समितियां यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में किसानों के भुगतान में लापरवाही न हो। खरीदी गई कृषि उपज का भुगतान समय-सीमा में कराया जाए। मंडी बोर्ड द्वारा सभी मंडी सचिवों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं कि किसान हित सर्वोपरि है और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार किसानों को भुगतान की कार्यवाही मंडी समिति चौरई द्वारा समय-सीमा में की जाएगी।

दिल्ली-एनसीआर में बिगड़ा मौसम

आसमान से आग की जगह बरसेंगे बर्फ के गोले...

नई दिल्ली, ईएमएस। दिल्ली-एनसीआर में आज मौसम अपना भीषण रूप दिखा सकता है। चिलचिलाती मई की गर्मी से जूझ रहे लोगों को तापमान में गिरावट से राहत तो मिलेगी, लेकिन भारत मौसम विज्ञान विभाग की हालिया चेतावनी ने चिंता बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार, आज आसमान से केवल पानी की बूंदें नहीं बल्कि ओले भी बरस सकते हैं। उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय हुए एक शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद समेत पूरे एनसीआर क्षेत्र में गंभीर आंधी-तूफान और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है।

कांग्रेस और डीएमके का गठबंधन खत्म

चेन्नई, ईएमएस। तमिलनाडु में कांग्रेस और डीएमके का गठबंधन खत्म हो गया है। यह बात पार्टी के एक्स पोस्ट से सामने आई है। इस राजनीतिक बदलाव के बीच टीवीके के प्रमुख विजय के लिए सरकार बनाने का रास्ता आसान हो गया है। टीवीके अध्यक्ष विजय ने औपचारिक रूप से कांग्रेस से समर्थन मांगा था, जिसके बाद तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी और कांग्रेस विधायक दल ने राज्य में सरकार गठन के लिए टीवीके को समर्थन देने का फैसला किया।

वोट चोरी से सीटें, तो कभी चुराई जाती हैं सरकारें

नई दिल्ली, ईएमएस। चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के चुनाव परिणामों के बाद देश की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। विपक्ष लगातार सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर वोट चोरी के आरोप लगा रहा है।

इसी कड़ी में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, कि कभी वोट चोरी से सीटें तो कभी सरकार चुरा ली जाती है। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, कि 'वोट चोरी से कभी सीटें चुराई जाती हैं, तो कभी पूरी सरकार।' उन्होंने दावा किया कि भाजपा के 240 लोकसभा सांसदों में से लगभग हर छठा सांसद वोट चोरी के जरिए जीता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ऐसे नेताओं को भाजपा की भाषा में 'घुसपैठिया' कहा जाना चाहिए। हरियाणा का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि वहां पूरी सरकार ही 'घुसपैठिया' है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आगे कहा कि जो संस्थाओं को अपने नियंत्रण में रखते हैं और मतदाता सूचियों व चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर करते हैं, वे खुद 'रिमोट कंट्रोल' से संचालित होते हैं।

शेयर बाजार में जोरदार तेजी, सेंसेक्स 940 अंक उछला

निफ्टी 24,330 के पार बंद

बैंकिंग और फाइनेंशियल शेयरों में शानदार खरीददारी

मुंबई, (ईएमएस)। बुधवार 6 मई 2026 को भारतीय शेयर बाजार में मजबूत तेजी दर्ज की गई। कारोबारी सत्र के अंत में बीएसई सेनसेक्स 940 अंकों से अधिक की बढ़त के साथ 77,958.52 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 24,330.95 के स्तर के पार पहुंचकर बंद हुआ। बाजार में यह तेजी वैश्विक संकेतों के सकारात्मक रहने और निवेशकों की बढ़ती खरीदारी के कारण देखने को मिली। विशेषज्ञों के अनुसार, ईरान और अमेरिका के बीच भू-राजनीतिक तनाव कम होने की संभावना ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया। इसके साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट ने भी बाजार को सहारा दिया, जिससे आयात-निर्भर भारतीय अर्थव्यवस्था को राहत मिलने की उम्मीद बनी। सेक्टोरल स्तर पर बैंकिंग शेयरों ने बाजार की अगुवाई की। निफ्टी बैंक में 2.63 प्रतिशत की मजबूत बढ़त दर्ज की गई, जबकि फाइनेंशियल सर्विसेज और पीएसयू बैंक सेक्टर में भी व्यापक खरीदारी देखने को मिली। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी निवेशकों की रुचि बनी रही, जिससे बाजार की तेजी को और बल मिला।

सऊदी अरब ने घटाए कच्चे तेल के दाम, भारत के लिए बड़ी राहत

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत के लिए एक बड़ी राहत की खबर आ रही है। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव और वैश्विक ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता के माहौल के बीच, सऊदी अरब ने एशिया को बिकने वाले अपने कच्चे तेल की कीमतों में कटौती करने का फैसला किया है। इस कदम से भारत जैसे बड़े तेल आयातक देशों को काफी फायदा होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरामको ने जून महीने के लिए एशिया में बिकने वाले अपने प्रमुख कच्चे तेल 'अरब लाइट' की कीमत 19.50 डॉलर प्रति बैरल से घटाकर 15.50 डॉलर प्रति बैरल तय की है।

'वंदे मातरम' को राष्ट्रगान जैसा दर्जा देने की मंजूरी

अपमान या गायन में बाधा पर सजा का प्रावधान

नई दिल्ली, ईएमएस। केंद्र सरकार की कैबिनेट बैठक को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है, जिसमें कहा जा रहा है कि वंदे मातरम को जन गण मन के समान दर्जा देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

कैबिनेट द्वारा इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी देने के तहत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित 'वंदे मातरम' पर भी वही नियम लागू होंगे, जो वर्तमान में राष्ट्रगान पर लागू हैं। इसके लिए राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम में संशोधन प्रस्तावित है। कानून के तहत यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर गीत के गायन में बाधा डालता है या उसका अपमान करता है, तो उसे तीन साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दोबारा अपराध करने पर न्यूनतम एक वर्ष की सजा का भी प्रावधान बताया गया है। सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक, 'वंदे मातरम' का पूर्ण आधिकारिक संस्करण (लगभग 3 मिनट 10 सेकंड) प्रमुख राजकीय समारोहों—जैसे ध्वजारोहण, राष्ट्रपति और राज्यपालों के कार्यक्रम—में प्रस्तुत किया जा सकता है। साथ ही, यदि किसी कार्यक्रम में दोनों—राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान—का आयोजन हो, तो पहले 'वंदे मातरम' और उसके बाद 'जन गण मन' गाया जाएगा।

मुकेश अंबानी का मेगा प्लान

सीधा आसमान से चलेगा इंटरनेट!

एलन मस्क की स्टारलिंक को टक्कर देने की तैयारी

मुंबई, ईएमएस। भारतीय इंटरनेट क्षेत्र को पूरी तरह बदलने की तैयारी हो चुकी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज एक ऐसी परियोजना पर काम कर रही है जो मौजूदा इकोसिस्टम को नया रूप देगी।

कंपनी अरबों डॉलर का निवेश करके लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट्स लांच करने की योजना बना रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत का अपना सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट नेटवर्क तैयार करना है। यह कदम न सिर्फ तकनीकी रूप से बड़ा है, बल्कि रणनीतिक रूप से भी बेहद अहम है, क्योंकि इससे भारत को विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम करने या समाप्त करने में मदद मिल सकती है। लिओ सैटेलाइट्स की खासियत यह है कि ये पृथ्वी के अपेक्षाकृत करीब, लगभग 500 से 2000 किलोमीटर की ऊंचाई पर घूमते हैं। इस वजह से इनके जरिए मिलने वाला इंटरनेट पारंपरिक सैटेलाइट्स की तुलना में काफी तेज और स्थिर होता है, जिसमें लेटेंसी भी कम होती है। इसकारण दुनियाभर की बड़ी टेक कंपनियां अब इसी तकनीक पर दांव लगा रही हैं। भारत जैसे विशाल देश में, जहां अभी भी कई दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट पहुंचाना एक बड़ी चुनौती है, वहां यह तकनीक गेम-चेंजर साबित हो सकती है।

साल 2019 के चुनाव में निभाई थी अहम भूमिका

ममता दीदी की हार में विभीषण के रोल में 'आई-पैक'

● कोलकाता, ईएमएस

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के हालिया घटना क्रम ने चुनावी रणनीति मे एजेंसियों और विभीषण की भूमिका पर नई बहस छेड़ दी है। 2019 के बाद ममता बनर्जी की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली रणनीतिक कंपनी आईपैक अब विवादों के केंद्र में आ गई है। विपक्षी हलकों में यह माना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी और आई-पैक के बीच तथा कथित मिलीभगत ने पश्चिम बंगाल के चुनावी परिणामों को पूरी तरह से बदलने में एक बड़ी भूमिका का निर्वहन किया है।

हालांकि इन दावों का कोई पुख्ता आधार नहीं है। पश्चिम बंगाल और देश के विपक्षी राजनीतिक दलों में इस बात की चर्चा है, पहले प्रशांत किशोर और अब आईपैक के माध्यम से विपक्ष को ठिकाने लगाने की भाजपा की रणनीति कामयाब रही है।

पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणाम आने के बाद समाजवादी पार्टी ने आई-पैक के साथ प्रस्तावित समझौता रद्द कर दिया है। माना जा रहा है, आईपैक ने भाजपा के साथ मिलकर टीएमसी को इस हालत में पहुंचा दिया। अगले वर्ष उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव होने हैं। माना जा रहा है, समय रहते अखिलेश यादव, भाजपा के इस खेल को समझ गए हैं। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय द्वारा आई-पैक से जुड़े कार्यालयों और उनके अधिकारियों कि यहां छापे के बहाने टीएमसी की सारी रणनीति को समझ लिया। चुनाव के दौरान आईपैक के ऊपर कोई संदेह न हो, उसके लिए मुख्य संचालक और उनके कुछ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। जैसे ही मतदान खत्म हुआ। ईडी ने उन्हें छोड़ दिया। इसके बाद विपक्षी राजनीतिक दलों में आईपैक की भूमिका संदेह में आ गई है। ईडी के छापे की कार्रवाई के दौरान राजनीतिक स्तर पर हलचल बढ़ी। मामला सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया तक पहुंचा। ममता दीदी खुद पैरवी करने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंच गईं।

संचालक की गिरफ्तारी और रिहाई से संशय

कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है, चुनाव के दौरान आई-पैक के संचालक की गिरफ्तारी, मतदान समाप्त होते ही रिहाई होने से भाजपा और कंपनी की संगामित्ती का यह मामला खुल गया है। चुनाव परिणाम के बाद इस तरह केआरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक हलचलों ने इस मामले को गहरा दिया है। टीएमसी में आईपैक को विभीषण की तरह देखा जा रहा है। जिसने भाजपा को सारी जानकारी दी और उसकी हार का प्रमुख कारण बनी।

संपादकीय

जो जीता वही सिकंदर, जीत हमेशा ताकतवर की होती है

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल का चुनाव भारी बहुमत से जीत लिया है। चुनाव लड़ने के पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपना लक्ष्य तैयार कर लिया था। उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए साम-दाम-दंड-भेद, सभी संवैधानिक शक्तियां, टीएमएसी में अपने जासूस भेजने से लेकर वह सभी काम किया, जो चुनाव को जीतने के लिए जरूरी था। प्यार और युद्ध में सब जायज है। युद्ध और प्यार का एक ही लक्ष्य होता है, जीतना- जीतना। भाजपा के रणनीतिकार अच्छी तरीके से यह बात जानते हैं। चुनाव जीतना कोई आसान काम नहीं है। इसमें नैतिकता, नियम या कानूनों का कोई लेना-देना नहीं है। जब भगवान राम युद्ध के दौरान विभीषण और भगवान कृष्ण अश्वत्थामा मारा गया, जैसी युक्ति अनैतिक लड़ाई जीतने के लिए अपना सकते हैं, तो ऐसी स्थिति में भाजपा के ऊपर जो आरोप लग रहे है, वह सब जायज हैं। यही कहा जा सकता है, जीतना ही प्रमुख लक्ष्य होता है। जो जीतता है, उसी के पास सत्ता होती है। जिसके पास सत्ता होती है, सारी शक्तियां उसी के नियंत्रण में काम करती हैं। जब राम और रावण का युद्ध चल रहा था। उस समय सभी नौ ग्रह रावण की कैद में थे। हनुमान जी नहीं होते, उन्होंने रावण की कैद से नौ ग्रहों को नहीं छुड़ाया होता, तो भगवान राम की जीत भी संभव नहीं होती। भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल का चुनाव जीत गई है। ममता दीदी और उनकी पार्टी टीएमसी बुरी तरह से हार गई है। यही युद्ध का परिणाम है, जो जीता वही सिकंदर। इसके बाद अदालती और कोर्ट-कचहरी की लड़ाई लड़ते रहो, कुछ होने-जाने वाला नहीं है। जिसके पास सत्ता है, सारे ग्रह नक्षत्र उसी के ईशारे पर नाचेंगे। हारने वाले को यही ग्रह-नक्षत्र अपने इशारे पर नचायेंगे। पिछले कुछ वर्षों से यही होता हुआ दिख रहा है। कहा जाता है, लोकतंत्र में जनता मलिक होती है। जनता का राज होता है, पिछले एक दशक से जनता चुपचाप बैठी है। सत्ता और संवैधानिक संस्थाओं में बैठे हुए पदाधिकारी सरकार के इशारे पर, जनता को अपने ईशारों पर नचा रहे हैं। भय और लालच से वशीभूत जनता चुपचाप तमाशा देख रही है। जब तक जनता में जागृति नहीं आयेगी, वह सत्ता के आगे गुलाम बनी रहेगी। जब जनता को अपनी ताकत का एहसास हो जाएगा, वह अपनी लड़ाई खुद लड़ना सीख जाएगी, तब जाकर वह स्वतंत्रता के साथ जीवन यापन करेगी। अभी तो जनता सत्ता के ऊपर निर्भर है। भाजपा जानती है, कैसे भी चुनाव जीतो और सत्ता पर काबिज हो जाओ। सत्ता की ताकत जब तक होगी, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। पिछले कुछ समय से भारत में यही देखने को मिल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कह दिया, महाराष्ट्र के राज्यपाल ने असंवैधानिक रूप से मुख्यमंत्री ठाकरे की सरकार गिराई थी। अवैधानिक रूप से बनी सरकार ने अपना कार्यकाल पूरा किया। न्यायपालिका और न्याय से आज तक कोई फैसला नहीं हो पाया। ममता बनर्जी ने कहा है, वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगी, वह अपनी हार मानने को तैयार नहीं हैं। इससे कुछ होने जाने वाला नहीं है। राज्यपाल को अधिकार है, वह मुख्यमंत्री को बर्खास्त करके नए विधानसभा गठन की अधिसूचना जारी कर नई सरकार का गठन करा देंगे। नई सरकार बन जाएगी। जो भाजपा की होगी यही सत्य है। चुनाव को लेकर कोई शिकायत है, वह 45 दिन के अंदर हाईकोर्ट में याचिका दायर करे, वर्षों सुनवाई चलेगी। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट जो भी फैसला करेंगे, उसका पालन होगा या नहीं यह भी भविष्य की गर्त होगा। इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश चुनाव को लेकर किए थे। उनका पालन हरियाणा और अन्य याचिका पिटीशन में चुनाव आयोग ने नहीं किया, अभी भी यहां से वहां लोग घूम रहे हैं। 2 साल से ज्यादा का समय निकल चुका हैं। अभी तक ना तो कंट्रोल पैनल, ईवीएम मशीन तथा बीवीपेट की पर्चियां गिनी गई। तारीख पर तारीख का खेल चलता चला आ रहा है। जब याचिका पर फैसला आएगा, हो सकता है, उस समय तक दूसरी सरकार का गठन हो जाए। ऐसे फैसले का कोई वजूद भी नहीं होता है। इसलिए कहते हैं, जो जीता वही सिकंदर। खरबूजा छुरी के ऊपर गिरे या छुरी खरबूजे के ऊपर गिरे, कटना तो खरबूजे को ही है। जनता को जब तकलीफ होगी, तो वह सड़कों पर आएगी। यह बात पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली संसद में कह चुके हैं। नोटबंदी के बाद जब विपक्ष हंगामा कर रहा था, तब जेटली जी ने कहा था, जनता को तकलीफ होती, तो वह सड़कों पर होती। भाजपा अपनी और जनता की ताकत को अच्छी तरह से पहचानती है। जनता जब अपनी ताकत सड़कों पर दिखाएगी, तभी सत्ता में बैठे हुए लोग जनता की ताकत को समझेंगे। अंग्रेज भी जब भारत को छोड़कर गए थे। 1975 में जब जनता सड़कों पर थी। इंदिरा जी को आपातकाल लगाना पड़ा था। 1977 के चुनाव में इंदिरा जी को जनता ने हराया। जब तक वर्तमान राजनीतिक दल जनता की लड़ाई नहीं लड़ेंगे, जनता के साथ संवाद नहीं रखेंगे। तब तक उनका यही हाल होगा, जो अभी हो रहा है। लड़ाई को बराबरी से लड़ना होगा। सत्ता की ताकत से चुनाव लड़े जा रहे हैं, तो विपक्ष को भी जनता की ताकत के साथ सरकार का मुकाबला करना होगा। तभी जाकर विपक्षी दल अपने अस्तित्व को बचाकर रख पायेंगे। अन्यथा जिस तरह से क्षेत्रीय दल एक-एक करके खत्म हो रहे हैं। बचे-खुचे भी 1-2 वर्षों में खत्म हो जाएंगे। यह चेतावनी भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिहार की भूमि पर कई वर्ष पहिले दे चुके हैं। यही वर्तमान का सत्य है।

सनत जैन

टैगोर का शिक्षा दर्शन : भारतीय आत्मा और पाश्चात्य दृष्टि का अद्भुत समन्वय

टैगोर जयंती पर विशेष आलेख

सुनील कुमार महला

गुरूदेव रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को बंगाल के एक अत्यंत प्रतिष्ठित और समृद्ध परिवार में महर्षि देवेंद्रनाथ टैगोर के घर हुआ था। बचपन से ही असाधारण और बेहद संवेदनशील प्रतिभा के धनी टैगोर ने मात्र 8 वर्ष की आयु में अपनी पहली कविता लिख दी थी और बहुत कम लोग जानते होंगे कि शुरुआत में वे भानुसिंह उपनाम से लिखते थे। उन्हें चारदीवारी वाली पारंपरिक स्कूली शिक्षा बिल्कुल पसंद नहीं थी, इसलिए उनकी अधिकांश शिक्षा घर पर ही स्वाध्याय और निजी शिक्षकों के माध्यम से हुई। इसी स्वाध्याय के बल पर उन्होंने संस्कृत, भारतीय दर्शन और नक्षत्र-विज्ञान का गहन अध्ययन किया। वर्ष 1877 में कानून की पढ़ाई के लिए उन्हें इंग्लैंड भेजा गया, परंतु वहां के शैक्षणिक माहौल से संतुष्ट न होने के कारण, वे बिना कोई डिग्री लिए भारत लौट आए। टैगोर एक ऐसे बहुमुखी रचनाकार थे, जिन्होंने कविता, संगीत, नाटक, कहानी और चित्रकला-हर क्षेत्र पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने 2000 से अधिक गीतों की शानदार व दमदार रचना की, जिन्हें आज रवींद्र संगीत के नाम से जाना जाता है, जो बंगाली संस्कृति का एक अनिवार्य हिस्सा हैं।

पाठक जानते होंगे कि उनकी कालजयी साहित्यिक कृति गीतांजलि (गीतों का उपहार) मूल रूप से बंगाली में लिखी गई थी तथा यह 14 अगस्त 1910 को प्रकाशित हुई थी। जब टैगोर

ने स्वयं इसका अंग्रेजी अनुवाद किया, तब महान आयरिश कवि डब्ल्यू. बी. यीट्स(अंग्रेज़ी साहित्यकार) इसके अनुवाद से अत्यंत प्रभावित हुए और उन्होंने इस पुस्तक की ऐतिहासिक प्रस्तावना लिखी। इसी कृति के लिए टैगोर को वर्ष 1913 में साहित्य के क्षेत्र में विश्व का सर्वोच्च नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ और वे यह सम्मान पाने वाले पहले गैर-यूरोपीय बने। इसी वर्ष कलकत्ता विश्वविद्यालय ने उन्हें डी-लिट् की उपाधि से भी सम्मानित किया। वर्ष 1915 में ब्रिटिश सरकार ने उन्हें नाइटहुड (सर) की मानद उपाधि दी, जिसे उन्होंने 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में अत्यंत क्षोभ के साथ वापस लौटा दिया। टैगोर दुनिया के एकमात्र ऐसे कवि हैं जिनकी रचनाएं दो देशों का राष्ट्रगान बनीं-भारत का जन-गण-मन और बांग्लादेश का आमार सोनार बांग्ला। इसके अलावा, श्रीलंका के राष्ट्रगान श्रीलंका माथा के रचयिता आनंद समराकून भी शांतिनिकेतन में टैगोर के ही शिष्य थे, जिन्होंने गुरुदेव की संगीत शैली से प्रेरित होकर इसकी रचना की थी।

यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि भारत के राष्ट्रगान को लेकर कुछ समय यह विवाद भी उठा कि यह ब्रिटिश राजा की प्रशंसा में लिखा गया है, परंतु बाद में यह पूर्णतः स्पष्ट हो गया कि यह मूल रूप से भारत की अंतरात्मा और उसके गौरव को समर्पित है। बहरहाल, यहां पाठकों को यह भी जानकारी देता चलूं कि रवींद्रनाथ टैगोर और महात्मा गांधी के बीच का आत्मीय संबंध भी ऐतिहासिक है। बहुत कम लोग जानते होंगे कि मोहनदास करमचंद गांधी को सबसे पहले महात्मा की उपाधि टैगोर ने ही दी थी, जबकि गांधीजी ने उन्हें आदरपूर्वक गुरुदेव कहकर पुकारा था। पाठक शायद यह बात नहीं जानते होंगे कि टैगोर ने अपनी पत्नी और बच्चों की असामयिक मृत्यु के गहरे आघात को झेला, जिसने उनके लेखन में संवेदनशीलता और आध्यात्मिक गहराई को और अधिक बढ़ा दिया। उन्होंने महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के साथ विज्ञान और दर्शन के गूढ़ विषयों पर प्रसिद्ध संवाद किए। अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में, 60 वर्ष की आयु में उन्होंने चित्रकला की शुरुआत की।

ममता दीदी को जनता की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए

संजय गोस्वामी

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वो चुनाव नहीं हारी हैं इसलिए इस्तीफ़ा नहीं देंगी।ऐ कहना ठीक नहीं है पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में टीएमसी को मिली हार ने ममता बनर्जी के आगे की राजनीतिक सफर को काफी मुश्किलों भरा बना दिया है। ममता बनर्जी ने सिर्फ सत्ता ही नहीं गंवायी बल्कि अपनी परंपरागत सीट भवानीपुर को भी हार गईं अब ऐ कहना काउंटिंग में धांधली हुई है इसलिए इस्तीफा नहीं दूंगी गलत है ऐ लोकतान्त्रिक देश है इसमें जनता का निर्णय सर्वोपरि है।

पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणाम के बाद हिंसा होना बिल्कुल गलत है ऐ राज्य सरकार की जिम्मेदारी है अतः ऐसी घटना को शक्ति से पालन करना चाहिए और क़ोई भी पार्टी का हो दंगा करने पर उचित कार्यवाही करना चाहिए इस चुनाव में कांग्रेस और टीएमसी में वोट कटा है रही सही कसर लेफ्ट और एआईएमआईएम ने भी वोट काटा है इस चुनाव में सबसे ज्यादा खुश कांग्रेस हुई होगी क्योंकि विपक्ष में ममता दीदी का बढ़ता कद को देखकर कांग्रेस चिंता में थी अब विपक्ष में कांग्रेस एक बड़ी पार्टी बनी है भले ही सीटों की संख्या कम हो लेकिन अधिक मात्रा में अल्पसंख्यक का वोट काटा है लोकतंत्र में जनता का निर्णय ही सर्वोपरि है और उसका सम्मान करना चाहिए और हार को स्वीकार कर विपक्ष में ही सही जनता के निर्णय को सम्मान करना चाहिए लोकतंत्र एक ऐसी शासन प्रणाली है जिसमें देश की सत्ता जनता के हाथों में होती है। इसमें नागरिक अपने प्रतिनिधियों को चुनते हैं और वे प्रतिनिधि जनता के हित में शासन चलाते हैं। सरल परिभाषाः लोकतंत्र वह शासन प्रणाली है जिसमें जनता को अपने शासकों को चुनने का अधिकार होता है। सत्ता का अंतिम स्रोत जनता होती है। प्रतिनिधियों का चुनाव निश्चित अंतराल पर होता है। समानताः सभी नागरिकों को कानून के सामने समान अधिकार प्राप्त होते हैं। स्वतंत्रताः विचार, अभिव्यक्ति, धर्म, और संगठन की स्वतंत्रता होती है। कानून का शासनः सभी नागरिक और शासक कानून के अधीन होते हैं। बहुमत का शासन, अल्पमत का सम्मान करना ही लोकतंत्र की ताकत है जिसमें निर्णय बहुमत से लिए जाते हैं, लेकिन अल्पमत के अधिकारों की रक्षा की जाती है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता भी शामिल है जो न्यायालय स्वतंत्र और निष्पक्ष होते हैं। जहाँ तक उत्तरदायित्व और पारदर्शिता का सवाल है वो चुनाव से पहले होता है जिसमें शासक जनता के प्रति उत्तरदायी होते हैं और शासन में पारदर्शिता होती है। यानी व्यावहारिक अर्थ जनता की संप्रभुता की रक्षा करना है : नागरिक ही सरकार को बदल देती हैं।

चुनाव हर 5 साल में चुनाव होते हैं तो अगली बार के लिए कहाँ कहाँ गलती हुई इसपर ध्यान देकर विपक्ष में भी रहकर जनता की सेवा करने से पुनः चुनाव में जीत हो सकती है। जाति, धर्म, लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। कोई भी अपनी राय रख सकता है, संगठन बना सकता है। कानून का शासनः कोई भी कानून से ऊपर नहीं। बहुमत का शासन, अल्पमत का सम्मानः बहुमत से सरकार बनती है, लेकिन अल्पमत की बात भी सुनी जाती है। उत्तरदायित्व और पारदर्शिताः सरकार को अपने कार्यों का हिसाब देना पड़ता हैलोकतंत्र की न्यूनतम विशेषताएँ हैंः जनता की संप्रभुता, समानता, स्वतंत्रता, कानून का शासन, और उत्तरदायित्व। इनसे ही किसी शासन को लोकतांत्रिक कहा जा सकता है।अगर लगता है की काउंटिंग में कुछ गड़बरी हुई है तो अदालत है जिसमें न्यायपालिका के सामने अपनी बात रखने का अधिकार है जो अदालतें सरकार के दबाव में नहीं होतीं। इसलिए अब चुनाव परिणाम आने के बाद कुछ नहीं हो सकता है और जिसके जितना अधिक सीटे आई हैं वो अपना विधायक दल का नेता चुना जाएगा और राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे और विधायक दल की संख्या के आधार पर राज्यपाल उसे सरकार बनाने के लिए शपथ भी दिला देगी वो भी राज्यभवन में जैसा एक बार महाराष्ट्र के चुनाव के बाद देवेंद्र फरनवीस और एनसीपी के नेता स्व अजीत पवार ने शपथ लिया बाद में बहुमत नहीं होने के कारण देवेंद्र फरनवीस को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था पश्चिम बंगाल में कुछ ही दिनों में 5 साल पूर्ण होने पर विधानसभा भंग हो जाएगी।

सुविचार

उत्तम पुरुषों की संपत्ति का मुख्य प्रयोजन यही है कि औरों की विपत्ति का नाश हो।

- रहीम

कबिरा घास न निन्दिये जो पाँवन तर होय। उड़ि कै परै जो आँख में खरो दुहेलो होय?

- कबीर

प्रसंगत

सेवा का रास्ता

आस्ट्रिया में पैस्टोला नामक एक छात्र डॉक्टरी पढ़ रहा था। एक दिन जब वह कहीं जा रहा था, तो रास्ते में उसे एक बच्चा मिला। एक छोटे से बच्चे को अकेला देखकर पैस्टोला ने उसे अपने साथ ले लिया। उसने उसके अभिभावकों को खोजने के लिए पुलिस में सूचना दी काफी दिनों तक जब बच्चे के अभिभावकों का कुछ पता न चला तो पैस्टोला ने उसे एक अनाथालय में रखवा दिया। पर उसे उस बालक से बेहद लगाव हो गया था, इसलिए वह अक्सर उसे अनाथालय में देखने आता और उसके लिए कुछ उपहार भी लाता। धीरे-धीरे पैस्टोला ने नोट किया कि अनाथालय में बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था तो है, लेकिन वहां के कर्मचारियों में दयाभाव नहीं है। इसलिए बच्चे उन कर्मचारियों के संरक्षण में ढंग से विकसित नहीं हो पा रहे हैं। पैस्टोला ने अपनी पढ़ाई खत्म होते ही एक आंदोलन चलाया और निःसंतान तथा छोटी गृहस्थी वाले लोगों से अनुरोध किया कि वे अनाथ बच्चों को अपने परिवार में सम्मिलित कर लें और उन्हें लाड़-प्यार से पालें। ऐसा करने से बच्चों का समुचित विकास हो पाएगा और उन्हें जीने की राह मिल पाएगी। पैस्टोला के इस आंदोलन का लोगों पर सकारात्मक असर हुआ। अनेक उदार, धनी व शिक्षित लोगों ने ऐसे असहाय बच्चों को अपने परिवार में शामिल कर लिया।

जरा हटके

आकाशगंगा मिल्की वे में जमे बर्फ के भंडार का पता लगाया

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के वैज्ञानिकों ने हमारी आकाशगंगा मिल्की वे में जमी हुई बर्फ के विशाल भंडार का पता लगाया है। यह बर्फ पानी, कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड का एक जटिल मिश्रण है, जो अंतरिक्ष में मौजूद सूक्ष्म धूल के कणों पर जमा है। यह खोज न केवल हमें यह समझने में मदद करेगी कि पृथ्वी पर पानी कैसे आया, बल्कि यह भी कि ब्रह्मांड में जीवन के लिए आवश्यक बुनियादी तत्व कैसे बनते हैं और फैलते हैं। इस असाधारण खोज का श्रेय नासा के खास स्पेस टेलिस्कोप स्फेरेएक्स (स्पेक्ट्रो-फोटोमीटर फॉर द हिस्ट्री ऑफ द यूनिवर्स, एपोक ऑफ रीआयोनाइजेशन एंड आइस एक्सप्लोरर) को जाता है, जिसे 11 मार्च, 2025 को लॉन्च किया गया था।

यह टेलिस्कोप इंफ्रारेड लाइट का उपयोग करके पूरे आकाश को स्कैन करता है और रसायनों के फिंगरप्रिंट को पहचान कर बता देता है कि सैकड़ों प्रकाश वर्ष दूर धूल के कणों पर कौन से अणु जमे हैं। स्फेरेएक्स ने पहली बार इतने बड़े पैमाने पर इन बर्फीले क्षेत्रों का मैप तैयार किया है, जिससे हमारी आकाशगंगा में जीवन के निर्माण के लिए जरूरी तत्वों का वितरण स्पष्ट हुआ है। 2025 के अंत तक इसने अपना पहला 3डी मैप पूरा कर लिया था, जिसने वैज्ञानिकों को एक नई दृष्टि दी है। वैज्ञानिकों ने आकाशगंगा के विशाल आणविक बादलों के भीतर धूल के कणों पर बर्फ की मोटी परतें देखी हैं, जो मोमबत्ती की कालिख से भी छोटी होती हैं। मिशन के प्रमुख वैज्ञानिक फिल कोर्नगुट के अनुसार, ये बर्फीले क्षेत्र इंटरस्टेलर ग्लेशियर की तरह काम करते हैं। जब कोई नया सौर मंडल जन्म लेता है, तो ये ग्लेशियर उसे पानी की भारी आपूर्ति कर सकते हैं। यह एक क्रांतिकारी विचार है कि हमारी पृथ्वी पर मौजूद विशाल महासागरों का पानी शायद अरबों साल पहले इन्हीं ठंडे अंतरिक्षीय भंडारों से आया होगा।

यह साबित करता है कि जीवन के लिए जरूरी घटक ब्रह्मांड में कोई संयोग नहीं, बल्कि तारों के बनने की प्रक्रिया का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। पहले जेम्स वेब या स्पिट्जर जैसे टेलिस्कोप एक समय में छोटे क्षेत्र या खास तारे पर ही फोकस करते थे, लेकिन स्फेरेएक्स ने पूरे आकाशगंगा का एक व्यापक 3डी मैप तैयार किया है। हार्वर्ड एंड स्मिथसोनियन के खगोलशास्त्री जोसेफ होरा बताते हैं कि अब स्फेरेएक्स पूरे गैलेक्टिक प्लेन में फैली बर्फ को विस्तार से देखने में सक्षम है, चाहे पीछे कोई चमकता तारा हो या न हो। सीएफए के खगोलशास्त्री गैरी मेलनिक के अनुसार, यह टेलिस्कोप विभिन्न वातावरणों में बर्फ के बनने और टूटने की दर को समझने में भी मदद कर रहा है, जिससे हमें यह जानने में सहायता मिलेगी कि किस तरह के तारों के पास पानी वाले ग्रह बनने की संभावना सबसे अधिक होती है।

फोटो ऑफ द डे

प्राग में लोग सार्वजनिक मीडिया के समर्थन में एक रैली में उतरे। इससे पहले चेक सरकार ने टीवी और रेडियो को दिये जा रही सरकारी सहायता में कटौती की घोषणा की थी। -फोटो-ईएमएस।

चिंतन-मनन

भय को निकालें

जब क्रियता का संवेदन होता है तो अक्रियता का संवेदन भी होगा। हमारे सारे तनाव इस परिधि में हो रहे हैं। क्रियता का संवेदन हो, क्रिय मिले, क्रिय को वियोग न हो और अप्रियता का योग न हो। बस, सारी तनाव की यह सीमा है। इसी सीमा में सारे तनाव प्रकट हो रहे हैं। पर मूल में जो छिपा हुआ कारण कार्य कर रहा है, वह मात्र एक ही है- प्रियता का संवेदन, अप्रियता का संवेदन। अब यह संवेदन है तो भय भी पैदा होगा। एक छोटी सी कहनी है। एक आदमी बहुत डरता था। वह समझदार आदमी के पास गया जो मंत्र को जानता था। उसके पास जाकर बोला, मुझे डर बहुत लगता है। उसने ताबीज बना दिया और कहा, इसको बांध लो। तुम्हारा डर समाप्त हो जाएगा। ताबीज बांध लिया। डर लगना कम हो गया। पर मंत्र जानने वाला व्यक्ति कुछ दिन बाद ही आया और पूछा- भाई! अब डर तो नहीं लगता। उसने कहा, जो काल्पनिक था, वह तो नहीं लगता किन्तु एक डर और पैदा हो गया। निरन्तर मन में भय बना रहता है कि कहीं ताबीज गुम न हो जाए। एक भय तो समाप्त हुआ, दूसरा भय और आ गया।

जब यह दृष्टि मूल में बनी रहती है कि प्रिय का वियोग न हो जाए, अप्रिय का योग न हो जाए, तब भय अनिवार्य है। उस मूल कारण से तनाव पैदा होता है। जब प्रिय संवेदन की भावना है, उसका तनाव भी पैदा होता है। हमारे जीवन के संचालन के केन्द्र में जो तत्व है, वह है लोभ।

राज काज

राघव चड्ढा ने सीखा, भाजपा का कल्चर

राघव चड्ढा आम आदमी पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी को ज्वाइन कर लिया है। जब वह ज्वाइन कर रहे थे, तब बार-बार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का नाम ले रहे थे। उन्हें बताया गया, भाजपा में नाम नहीं लिया जाता है। पद बड़ा है, तो पद नाम मे जी लगाकर संबोधित करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष को राष्ट्रीय अध्यक्षजी संबोधित करें। राघव चड्ढा को आने वाले दिनों में और भी सबक सीखना है। कहावत भी है नए मुल्ला को ज्यादा प्याज खानी पड़ेगी। यही रिवाज है।

चुनाव के पहले ईड़ी के छापे और गिरफ्तारी ?

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की जैसे ही अधिसूचना जारी हुई। पुरानी फाइलों में बंद मामलों को निकालकर ईड़ी के छापे पडना शुरू हो गए। गिरफ्तारियां शुरू हो गई। पश्चिम बंगाल में टीएमसी के रणनीतिकार को ईड़ी ने गिरफ्तार कर लिया। 50 जगह ईड़ी ने चुनाव के पहले छापे डाले। जैसे ही मतदान समाप्त हुआ। उसके दूसरे ही दिन आईपेक के निदेशक की लोअर कोर्ट से रिहाई हो गई। ईड़ी ने रिहाई का विरोध नहीं किया। ईड़ी के छापे को लेकर ईड़ी सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई। ममता बनर्जी भी पैरवी करने सुप्रीम कोर्ट पहुंची। सुप्रीम कोर्ट में भी वही हुआ, जो ईड़ी और चुनाव आयोग चाहता था। चुनाव जीतने के लिए ईड़ी और चुनाव आयोग का क्या महत्व है। यह सरकार और विपक्षी दल अच्छे तरह से जानने लगे हैं।

चुनाव खिलाड़ी भावना से नहीं, दुश्मन की तरह लड़ने का चलन

भारत में पिछले 75 साल से चुनाव होते चले आ रहे हैं। पहिले चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार खिलाड़ी भावना से चुनाव मैदान में उतरते थे। चुनाव खत्म होने के बाद भाईचारा वैसा ही बना रहता था। जैसे चुनाव के पहले होता था। अब चुनाव युद्ध की तरह लड़े जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल के चुनाव में तो गजब हो गया। 2 लाख से अधिक अर्धसैनिक बलों और केंद्रीय एजेंसियों के छापे, गिरफ्तारियों ने तय कर दिया है। चुनाव अब युद्ध की तरह ही लड़ना पड़ेगा।

व्यंग

जेसीबी और विराट माला

विजय नगरकर

चुनाव के बाद विजेता नेता की घोषणा
जेल से नेता की रिहाई
कोर्ट ने नेता को ज़मानत मंजूर की
मीडिया में नेता जी पर लगे आरोप, प्रतिमा हुई मलिन

आयकर विभाग, सीबीआई ने नेता के घर छापा डाला राजनीति में इस तरह के अनेक प्रसंग आते रहते हैं। इस तरह की स्थिति में कार्यकर्तागण सक्रिय हो जाते हैं। कभी नेता जी का दूध से अभिषेक किया जाता है, कभी मिठाई, किताबों की तुला करके उसे जनता में बाँट दिया जाता है। उनकी सहायता के लिए एक विराट जेसीबी एक विराट फूलों की माला लेकर हाज़िर होता है। कार्यकर्तागण नेता जी के स्वागत के लिए एक विराट जनसभा का आयोजन करते हैं। एक नव युवा पत्रकार नेता जी का बाइट लेने उनके घर पहुँचा। 'हार्दिक बधाई, सर, आपकी पार्टी के भीतर निर्णय हुआ था कि स्वागत, अभिनंदन समारोह बिलकुल बिना किसी प्रदर्शन, बिना ख़र्चे किया जाएगा।' 'जी, हम इस निर्णय का पालन पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में करते हैं, लेकिन जनता के प्रेम और स्नेह के आगे कोई चारा नहीं रहता।'

'क्या आपने उन्हें पार्टी का निर्णय बताया नहीं?'

'बताया था लेकिन वह विराट पुष्प माला अनाथ आश्रम के बच्चों ने बनायी थी।' 'ठीक है लेकिन माला पहनाने के लिए जेसीबी' 'आत्महत्या ग्रस्त किसान परिवार को पार्टी ने जेसीबी दान किया था, उन्होंने यह मुफ़्त सेवा प्रदान की।' इस जवाब से संतुष्ट नव युवा पत्रकार ने रिपोर्ट तैयार करके संपादक महोदय के डेस्क पर रख दी। संपादक महोदय ने तुरंत रिपोर्ट को फाड़ दिया। माथे का पसीना पोंछते हुए उन्होंने पत्रकार को बुरी तरह डाँट पिलाई। 'आपको क्या ज़रूरत थी, नेता जी का बाइट लेने की, हमारी नाक साबुत रहने दें, किसी भी संवेदनशील मामले में आपकी खोजी नाक घुसड़ने की आदत ठीक नहीं है, कल ही हमारे चैनल पर नेता जी का अभिनंदन समारोह लाइव कवर किया गया है।

'प्रशासन ने आपको तुरंत नौकरी से हटाने का निर्णय लिया है। जाइए दूसरी नौकरी ढूँढ़िए।' नाराज़ नव युवा पत्रकार अपने घर पहुँचा। वहाँ एक जेसीबी एक विराट पुष्प माला लेकर हाज़िर था। यह देखकर वह चकरा गया। तभी विरोधी पार्टी के नेता ने पत्रकार के गले में विराट पुष्प माला विराट जेसीबी की सहायता से पहना दी। विरोधी पार्टी के नेता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'हम सत्ताधारी पार्टी के नेता के भ्रष्ट आचरण की भर्त्सना करते है और निडर युवा पत्रकार की प्रशंसा करते हैं।'

स्वास्थ्य

शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है कूर्मासन

नई दिल्ली (ईएमएस)। भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता, कमर दर्द, कब्ज और थकान जैसी समस्या योग एक आसान और बेहद असरदार उपाय बनकर सामने आता है, जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने में अद्वितीय भूमिका निभाता है। इस आसन में शरीर की स्थिति एक कछुए जैसी दिखाई देती है, जो भीतर सिमटकर शांत हो जाता है, ठीक उसी तरह यह अभ्यास करने वाले के मन को भी शांति प्रदान करता है। योग के अनेक आसनों में कूर्मासन एक विशेष आसन है, जिसे अंग्रेजी में टॉरटॉइज़ पोज़ या कछुआ मुद्रा कहा जाता है। 'कुर्म' का अर्थ कछुआ और 'आसन' का अर्थ मुद्रा होता है, और यह अपनी शांत करने वाली प्रकृति के लिए जाना जाता है। कूर्मासन का अभ्यास करने के लिए सबसे पहले जमीन पर बैठकर दोनों पैरों को सामने की ओर सीधा फैलाएं। अब पैरों को थोड़ा दूर करें और घुटनों को हल्का मोड़ लें। धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए शरीर को आगे की ओर झुकाएं और अपने हाथों को घुटनों के नीचे से बाहर की ओर निकालें। फिर शरीर को और नीचे ले जाएं और छाती व ठुड्डी को जमीन के करीब लाने का प्रयास करें। कुछ देर इसी स्थिति में सामान्य सांस लेते रहें। इसके बाद, धीरे-धीरे वापस सामान्य स्थिति में आ जाएं। कूर्मासन के शारीरिक लाभ अनगिनत हैं। यह आसन पीठ और रीढ़ की हड्डी को गहरा खिंचाव देता है।

न्यूज ब्रीफ

रंजिश में चाकू मारा

इंदौर। प्रजापत नगर में रहने वाले दिलीप पिता उमाशंकर राठौर ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र में रहने वाले गोपाल पिता कन्हैया लाल चौहान ने पुरानी रंजीत की बात को लेकर चाकू मार दिया और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कियाहै।

झगड़ा करते सात बंदी

इंदौर। तेजाजी नगर पुलिस ने बीच रोड पर झगड़ा करते हुए मनोज रघुवंशी कैलाश चौधरी विनोद पवार अशोक चौहान धर्मेंद्र यादव और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

कार के लिए सताया

इंदौर। फरियादी बबीता शर्मा 30 साल निवासी महालक्ष्मी नगर ने पुलिस को बताया कि उसे मायके से कार्य लाने के लिए पति मनीष शर्मा सास कविता शर्मा ससुर विजय शंकर शर्मा ने प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने सभी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

गांजा पीते पांच धराए

इंदौर। मल्हारगंज पुलिस ने गांजा पीते हुए गोपाल पिता केदार यादव प्रकाश पिता सुनील वर्मा शुभम पिता राजेंद्र सोलंकी और दो अन्य को पकड़ा इनके पास से नशे की पुड़िया बरामद की है। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

सट्टा खाते चार बंदी

इंदौर। एमआईजी पुलिस ने प्रेस कांप्लेक्स के पास सट्टा खाते हुए अरविंद परमार और जितेंद्र सोनी को पकड़ा इसी प्रकार तिलक नगर पुलिस ने राजेश पाल और दिनेश मीणा को सट्टा खाते हुए पकड़ा सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

गांजा शराब सहित चार बंदी

इंदौर। राजेंद्र नगर पुलिस ने सुरेश मकवाना और धीरज गुर्जर को पकड़ा इनके पास से 730 ग्राम गांजा बरामद किया है। इसी प्रकार पुलिस पलासिया ने पवन जायसवाल और वीरेंद्र चौधरी को पकड़ा। इनके पास से दो पेटी अवैध शराब जप्त की है। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

ई-रिक्शा के कांच फोड़े

इंदौर। परदेसी पुरा चौराहे पर सवारी बैठाने को लेकर हुए विवाद में फरियादी विशाल पिता हेमंत सुनहरे की ई रिक्शा के कांच अशोक यादव ने फोड़ दिए। और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

जली महिला की मौत

इंदौर। सुमन बाई पति मोहनलाल वर्मा 45 साल निवासी धार की उपचार के दौरान बड़े अस्पताल में मौत हो गई पुलिस के मुताबिक सुमनबाई 2 दिन पहले घर में गंभीर रूप से जल गई थी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

हथियार सहित चार धराए

इंदौर। लसूडिया पुलिस ने देवेंद्र पिता चुन्नीलाल गौहर से तलवार और अशोक पिता ओमप्रकाश वर्मा से गुप्ती जप्त की है इसी प्रकार परदेसीपुरा पुलिस ने प्रफुल्ल शिंदे से चाकू और नितिन यादव से तलवार तलवार जप्त की है। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

टक्कर से महिला गंभीर

इंदौर। मल्हारगंज चौराहे पर पैदल जा रही कांतापति दिलीप शर्मा निवासी गोराकुंड को लोडिंग रिक्शा ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

किशोरी का अपहरण

इंदौर। महावर नगर में रहने वाली किशोरी परिजन को सहेली के घर जाने का बोलकर निकली थी जो लापता हो गई। परिजन ने उसे रिश्तेदार और अन्य जगह तलाश मगर उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है।

रिवाल्वर सहित पकड़ाया

इंदौर। हीरानगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कैलाश उर्फ कालू पिता जगदीश सेन 45 साल निवासी रविदासपुरा को पकड़ा तलाशी लेने पर एक रिवाल्वर और कारतूस बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

मनचला धराया

इंदौर। विजयनगर पुलिस ने रोहित पिता शिवप्रसाद रघुवंशी निवासी परदेसी पुरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने चार दिन पहले क्लर्क कॉलोनी में महिला के साथ छेड़छाड़ की थी।

मेरे से बात नहीं की तो जान से मार दूंगा, केस दर्ज

इंदौर। टेली परफॉर्मेंस में काम करने वाली 21 वर्षीय नंदिनी बदला हुआ नाम की रिपोर्ट पर पुलिस ने हेमंत वर्मा केस दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदिनी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मैं आरोपी हेमंत को पिछले डेढ़ साल से जानती थी। वह मेरे साथ छिंदवाड़ा में पीजी कीथी। पीड़िता के मुताबिक में छिंदवाड़ा छोड़कर इंदौर में रहने लगी और फिर हेमंत से मेरी बातचीत बंद हो गई और मैंने उसका मोबाइल नंबर किसी कारण वंश ब्लॉक कर दिया। नंदिनी के मुताबिक 5 अप्रैल शाम 6:30 बजे में तेली पर परफॉर्मेंस से कम कर अपने दोस्त विशाल विश्वकर्मा के साथ अपने घर जा रही थी तभी हेमंत मेरा पीछा करते हुए आ गया और बोला कि तू मेरे से बात क्यों नहीं करती।

कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

शराब दुकानों पर सघन सफाई अभियान, कई ढाबे सील

इंदौर।

स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए इंदौर में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। शहर की सभी मदिरा दुकानों पर साफ-सफाई की जांच की जा रही है तथा गंदगी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीमों ने कल्याण मिल, मालवा मिल, गंगानगर, 140 नंबर, भमोरी, एमआर-11, कनड़िया, राजमोहल्ला, पलासिया, एमआर-10, परदेशीपुरा, राजेंद्र नगर और सब्जी मंडी सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मदिरा दुकानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान दुकानों के आसपास गंदगी पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कई स्थानों पर अवैध रूप से संचालित ढाबों को बंद कराकर सील किया गया। बताया गया कि मदिरापान से संबंधित प्रकरण भी दर्ज किए गए हैं। विशेष रूप से कल्याण मिल क्षेत्र में स्थित मदिरा दुकान के आसपास संचालित ढाबों पर व्यापक कार्रवाई की गई। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार सभी मदिरा दुकानों के आसपास स्वच्छता बनाए रखना अनिवार्य किया गया है। स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि गंदगी मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। आबकारी विभाग द्वारा शहरभर में यह अभियान देर रात तक जारी रहेगा। सभी क्षेत्रों में मदिरा दुकानों के आसपास सफाई सुनिश्चित कराई जा रही है तथा अवैध ढाबों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

जुलाई में चार दिन निरस्त रहेगी इंदौर-बरेली एक्सप्रेस

इंदौर। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में प्रस्तावित ब्लॉक के चलते पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर चलने वाली इंदौर-बरेली एक्सप्रेस प्रभावित रहेगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए ट्रेन को अलग-अलग तारीखों में निरस्त करने का निर्णय लिया है। रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार ट्रेन नंबर 14320 इंदौर-बरेली एक्सप्रेस 8, 15, 22 और 29 जुलाई को इंदौर से नहीं चलेगी। वहीं ट्रेन नंबर 14319 बरेली-इंदौर एक्सप्रेस 9, 16, 23 और 30 जुलाई को बरेली से निरस्त रहेगी। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेन की वास्तविक स्थिति रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट अथवा एनटीईएस ऐप पर जांचने की अपील की है। रेलवे का कहना है कि ब्लॉक कार्य पूरा होने के बाद ट्रेनों का संचालन सामान्य कर दिया जाएगा।

खराब मौसम ने बिगाड़ी हवाई सेवाएं, इंदौर एयरपोर्ट पर कई उड़ानें घंटों देरी से चली

इंदौर।

देश के विभिन्न शहरों में खराब मौसम और तेज हवाओं का असर मंगलवार को इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर भी देखने को मिला। मौसम खराब होने के कारण आने-जाने वाली कई उड़ानें घंटों देरी से संचालित हुईं, जिससे यात्रियों को एयरपोर्ट पर इंतजार करना पड़ा। मुंबई से इंदौर आने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6 आर 6599 अपने निर्धारित समय शाम 6:15 बजे के बजाय रात 8:15 बजे पहुंची। वहीं हैदराबाद से आने वाली फ्लाइट 6 ई 621 भी मौसम खराब होने के चलते देरी का शिकार हुई और रात 11: 2 बजे पहुंची। पुणे से आने वाली फ्लाइट 6 ई 6191 भी तय समय से देरी से इंदौर पहुंची।

सबसे ज्यादा असर दिल्ली-इंदौर उड़ान पर देखने को मिला। एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स 5267 रात 8:10 बजे पहुंचने वाली थी, लेकिन खराब मौसम के कारण यह देर रात 12:24 बजे इंदौर पहुंच सकी।

उधर इंदौर से रवाना होने वाली उड़ानों पर भी असर पड़ा। हैदराबाद जाने वाली इंडिगो फ्लाइट 6 ई 6916 निर्धारित समय शाम 6:45 बजे के बजाय रात 9:3 बजे रवाना हुई।

मुंबई जाने वाली फ्लाइट 6 ई 6598 भी लेट अराइवल के कारण करीब डेढ़ घंटे देरी से उड़ान भर सकी।

स्कीम नंबर 140 चौपाटी को आदर्श चौपाटी बनाने के लिए की अपील

इंदौर।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार इंदौर शहर को सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु नगर निगम द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर आयुक्त प्रखर सिंह के नेतृत्व में झोन क्रमांक 19 अंतर्गत स्कीम नंबर 140 स्थित चौपाटी क्षेत्र में सिंगल यूज़ प्लास्टिक फ्री मार्केट अवेयरनेस चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान झोन नियंत्रण अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई, विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि एवं स्थानीय व्यापारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

चौपाल के माध्यम से व्यापारियों एवं आमजन को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में

विस्तार से जानकारी दी गई तथा इसके उपयोग को पूर्णत: बंद करने हेतु प्रेरित किया गया। अपर आयुक्त प्रखर सिंह द्वारा स्वयं क्षेत्र का भ्रमण कर प्रत्येक दुकान पर जाकर दुकानदारों से संवाद स्थापित किया गया। उन्होंने सभी व्यापारियों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने की समझाइश देते हुए वैकल्पिक रूप में बायोडिग्रेडेबल सामग्री के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की।

साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दुकानदार अपनी दुकान के बाहर कम से कम दो डस्टबिन अवश्य रखें, ताकि गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित किया जा सके।

इस दौरान दुकानदारों को अपने ग्राहकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, कचरा इधर-उधर न फैलाने तथा स्वयं भी साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। चौपाल में उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली और सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में स्कीम नंबर 140 चौपाटी को आदर्श स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त चौपाटी के रूप में विकसित करने हेतु सभी व्यापारियों द्वारा सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया गया। नगर निगम द्वारा भी इस दिशा में निरंतर निगरानी एवं आवश्यक कार्यवाही किए जाने की बात कही गई।

आज शुरू होगी एमपी बोर्ड की सेकंड एग्जाम परीक्षाएं

3.43 लाख विद्यार्थी होंगे शामिल

इंदौर।

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपीबीएसई) की सेकंड एग्जाम परीक्षाएं गुरुवार 7 मई से शुरू हो रही हैं। प्रदेशभर में इस परीक्षा में करीब 3.43 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए 622 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

इस बार बड़ी संख्या में ऐसे छात्र भी परीक्षा दे रहे हैं, जो मुख्य परीक्षा में पास हो चुके हैं, लेकिन अपने अंकों में सुधार के लिए दोबारा परीक्षा देंगे। बोर्ड अधिकारियों के अनुसार सेकंड एग्जाम व्यवस्था विद्यार्थियों को बिना एक वर्ष गंवाए अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाने का अवसर देती है।

इंदौर जिले में कक्षा 10वीं के 11,881 और कक्षा 12वीं के 13,622 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं प्रदेशभर में करीब 2 हजार विद्यार्थियों ने मुख्य परीक्षा पास करने के बाद अंक सुधार के लिए आवेदन किया है। शिक्षा विभाग के मुताबिक परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, वीडियोग्राफी और उड़न दस्तों की व्यवस्था की गई है, ताकि नकल जैसी गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। जिला शिक्षा अधिकारियों को सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

13वीं मंजिल से गिरे मजदूर की मौत, ठेकेदार पर केस दर्ज

इंदौर। लसूडिया बाईपास पर एक निर्माणधीन इमारत की 13वीं मंजिल से गिरने से मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 29 अप्रैल की है। पुलिस ने बताया कि बाईपास स्थित सयाजी अंबर गार्डन के पास बन रही बहु मंजिला इमारत की 13वीं मंजिल पर मजदूर टिंकू यादव ज्योतिष साल काम कर रहा था तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। साथी मजदूर टिंकू को बड़े अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में लापरवाही करने वाले ठेकेदार शंकर लाल पिता जवाहरलाल 45 साल के खिलाफ धारा 106 का केस दर्ज किया है।

पुलिस का ऑपरेशन क्लीन

प्रॉपर्टी ब्रोकर निकला नशे का सौदागर, 2 किलो गांजे के साथ दबोचा

इंदौर।

शहर में नशे के जाल को पूरी तरह खत्म करने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जीरो टॉलरेंस अभियान के तहत खजराना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने स्कीम नंबर 134 क्षेत्र से एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो पेशे से प्रॉपर्टी ब्रोकर है लेकिन शॉर्टकट से अमीर बनने के चक्कर में गांजे की तस्करी कर रहा था। आरोपी के पास से 2 किलो से अधिक अवैध गांजा, एक दोपहिया वाहन और मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह और डीसीपी जोन-2 कुमार प्रतीक के निर्देशों पर नशे के विरुद्ध मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया था। इसी

दौरान खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव को सूचना मिली कि चार्टर्ड बस स्टॉप के पीछे एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में स्कूटी पर किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस टीम ने जब मौके पर दबिश दी, तो आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद टीम ने उसे घेराबंदी कर धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान 55 वर्षीय अनिल कौशल निवासी शुभम नगर (एरोड्रम) के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी केवल 8वीं तक पढ़ा है और क्षेत्र में प्रॉपर्टी ब्रोकर का काम करता है।

नेपाली युवक ने छात्रा से किया दुष्कर्म

इंदौर। गांधीनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक छात्रा के साथ नेपाली युवक ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता अपनी मां के साथ थाने पहुंची और विजय कुमार निवासी काठमांडू नेपाल के खिलाफ रेप की धाराओं में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि वह पाइप फैक्ट्री में काम करती है जहां आरोपी विजय कुमार भी काम करता है। महिला ने बताया कि उसकी बेटी की स्कूल की छुट्टी हुई तो वह फैक्ट्री आ गई। दोपहर में दोनों ने साथ में खाना खाया। बेटी को पानी की टंकी पर पानी लेने भेजा। वह काफी देर तक नहीं पहुंची। बाद में पति के साथ उसे तलाश तो वहां बने एक क्वार्टर में बेटी की आवाज सुनकर पहुंचे तो आरोपी विजय घिनौना काम कर रहा था। महिला ने बेटी को वहां से उठाया और पूछताछ की तो उसने बताया कि वह पानी लेने आई थी तब विजय ने उसे सारे से बुलाया और अंदर एक काम होने की बात की। इसके बाद उसके साथ गलत काम करने लगा। वहां मौजूद लोगों ने आरोपी विजय की जमकर पिटाई की।

संगठन का आदेश हर माह हो मंडल बैठकें

वार्ड संयोजकों के लिए 3-3 नामों की बनेगी पैनल

इंदौर।

केंद्रीय संगठन के निर्देशानुसार हर माह की 7 तारीख तक मंडलो की बैठक करना है उसके पश्चात् भाजपा शक्ति केन्द्रो पर पहुंचेगी द्य भाजपा मे वार्ड सयोजको की नियुक्ति होना है जिसको लेकर 3/3 नामों के पेनल बनाई जा रही है मंगलवार को तीन मंडलो की बैठक की गई अब 7 तारीख के पहले सभी मंडलो की बैठक होना है। वीर सावरकर, रानी लक्ष्मीबाई व राजेंद्र धारकर मंडल की कामकाजी बैठकें सम्पन्न हुई जिसमे

भाजपा नगर की आगामी कार्यक्रमों को लेकर मंडलों की बैठकें नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक महेंद्र हार्डिया, गोलू शुक्ला की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। वीर सावरकर, रानी लक्ष्मीबाई व राजेंद्र धारकर मंडल की कामकाजी बैठकों में आगामी कार्यक्रमों की

रणनीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी विधानसभा चुनाव में एतिहासिक विजय की बधाई देते हुए कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी हैं, उसके पीछे हमारे समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव हैं, सेंकड़ों कार्यकर्ता बलिदान हो गए, लेकिन विचारधारा को नहीं छोड़ा, कठिन संघर्ष करने के बाद बंगाल में कमल खिला है। हमारे पास स्पष्ट नीति, काम करने की नीयत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में सक्षम नेतृत्व है, जिसके फलस्वरुप हमारा जनाधार बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि बंगाल में बूथों का माइक्रो मेनेजमेंट हमारी सफलता का आधार बना है, जिसके फलस्वरुप लगभग 46 प्रतिशत वोट शेयर हमें प्राप्त हुआ। इसलिए कार्यकर्ता बूथ जीता- चुनाव जीता के मूलमंत्र को लेकर बूथों को मजबूत करने का कार्य करे। नए बूथों पर हमें बूथ समितियों का गठन करना है।

मालवा उत्सवदशहरा मैदान पर, मंच बना गोवा का मंगेशी शिव मंदिर

देश भर से जुटेंगे लोक कलाकार व शिल्पकार

इंदौर।

लोक संस्कृति मंच, संस्कृति संचनालय मध्य प्रदेश सरकार एवं नगर निगम इंदौर के सहयोग से आयोजित देश का प्रतिष्ठित लोकोत्सव मालवा उत्सव इस वर्ष 6 मई से दशहरा मैदान परिसर में आयोजित होने जा रहा है उत्सव जनजाति, आदिवासी नृत्य व जनजाति लोक कला वह मातृशक्ति को समर्पित होगा।

लोक संस्कृति मंच के संयोजक एवं इंदौर के लोकप्रिय सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि मालवा उत्सव मैं देश एवं प्रदेश के साथ विश्व भर के कला प्रेमियों एवं कलाकारों का जमावड़ा यहां देखने को मिलता है ।

इस वर्ष 6 मई से 12 मई तक मालवा उत्सव का आयोजन दशहरा मैदान परिसर में किया जा रहा है जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों के 400 से अधिक लोक कलाकार एवं 300 शिल्पकार इस आयोजन में भाग लेंगे।लोक संस्कृति मंच के सचिव दीपक लवंगडे ने बताया कि गोवा का श्री मंगेश्वर मंदिर जो की पांडा तालुका के प्रियोल गांव में स्थित एक प्रसिद्ध हिंदू मंदिर है जो भगवान शिव मंगेश को समर्पित है यह 450 साल से पुराना मंदिर है। यहां मंच पर मंदिर जैसे दीप स्तंभ नजर आएंगे यह मंदिर इसीलिए प्रसिद्ध है ।

2.0 की डीपीआर शासन की ओर भेजी गई

आयुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण

इंदौर।

आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत प्रस्तावित आवासीय परियोजनाओं के स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अर्थ जैन, ई ई मितेश सिंगौड, विभागीय यंत्री अभिनव, संबंधित कंसल्टेंट एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आयुक्त सिंघल ने नगर पालिका निगम इंदौर को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत आवंटित विभिन्न स्थानों— सनावदिया, बढ़ियाकीमा एवं उमरी खेड़ा गांव— का स्थल निरीक्षण कर परियोजनाओं

की प्रगति एवं संभावनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से परियोजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रस्तावित सभी आवासीय परियोजनाओं से पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ मिल सके, इसके लिए कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं शासन की गाइडलाइन का पूर्णत: पालन सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत इंदौर नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थलों पर आवास निर्माण हेतु कुल 5 डीपीआर मध्यप्रदेश शासन को प्रेषित की गई हैं। इन प्रस्तावों के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु 1 बीएचके के 6048 आवासीय इकाइयाँ, 2 बीएचके के 1368 आवासीय इकाइयाँ एवं 3 बीएचके के 720 आवासीय इकाइयों के निर्माण का प्रस्ताव शामिल है।

शादी का झांसे में फंसी दो महिलाएं रेप का शिकार हुई

इंदौर। कनाडिया और परदेसी पुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली दो महिलाएं रेप का शिकार हुई है। पीड़िताओं की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रेप सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कनाडिया थाना क्षेत्र में रहने वाली 35 वर्षीय सिमरन बदला हुआ नाम मूल निवासी नागपुर महाराष्ट्र हाल मुकाम कनाडिया ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया भोपाल से दोस्ती हुई थी।

समर्पण, कर्मठता और लगनशीलता की मिसाल बने

निर्धारित समय से पहले कार्य करने वालों का कलेक्टर वर्मा ने किया सम्मान

इंदौर।

इंदौर जिले में जनगणना के प्रथम चरण का र्य तेज गति से जारी है। इंदौर में दो प्रगणकों अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण, कर्मठता और गनशीलता की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की है। होंने निर्धारित समय से पहले ही सौंपे गए र्य को पूर्ण कर लिया है। कलेक्टर शिवम र्मा ने आज कलेक्टर कार्यालय में कर्तव्यनिष्ठा र समर्पण की मिसाल पेश करने वाले इन नों प्रगणकों को सम्मानित किया। इस वसर पर अपर कलेक्टर तथा जनगणना के भारी अधिकारी नवजीवन विजय पवार भी जूद थे। सीमित समय में उत्कृष्ट कार्य पूर्ण रने वाले इन प्रगणकों ने यह साबित कर या कि लगन और ईमानदारी से किया गया यास हर चुनौती को आसान बना देता है।

इंदौर जिले में वर्ष 2026 की जनगणना का कार्य तेजी से जारी है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में जुटे प्रगणकों के बीच कुछ ऐसे भी उदाहरण सामने आए हैं, जिन्होंने अपने कार्य को निर्धारित समय से पहले पूर्ण कर नई प्रेरणा दी है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने ऐसे ही दो प्रगणकों मती निर्मला शर्मा और बद्रीलाल तरोला को फल एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कलेक्टर शिवम वर्मा ने दोनों प्रगणकों की सराहना करते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में इस प्रकार का समर्पण अन्य प्रगणकों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सभी प्रगणकों से इसी भावना के साथ कार्य करने की अपील की, ताकि जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

कैलोद में मात्र 6 दिनों में मकानों की गणना

कैलोद हाला क्षेत्र की प्रगणक मती निर्मला शर्मा ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और समर्पण से मात्र 6 दिनों में अपने हिस्से का पूरा कार्य संपन्न किया। उन्हें 120 मकानों की गणना का दायित्व सौंपा गया था। विशेष बात यह है कि शारीरिक चुनौती के बावजूद उन्होंने यह कार्य पूरी निष्ठा से पूरा किया। उनके दोनों पैरों में रॉड डली हुई है। इसके बावजूद भी उन्होंने घर-घर पहुँचकर पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ कार्य पूर्ण किया। मती निर्मला शर्मा ने अन्य प्रगणकों को संदेश देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटना चाहिए और राष्ट्रीय कार्यों में पूर्ण निष्ठा के साथ योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर द्वारा मिला यह सम्मान उनके जीवन का पहला सम्मान है, जो उन्हें आगे और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

तरोला में भी चंद दिनों में निपटा काम

इसी प्रकार प्रगणक बद्रीलाल तरोला ने भी अपने कर्तव्यों के प्रति अनूठी मिसाल प्रस्तुत की है। उन्हें एक ब्लाक की गणना का कार्य सौंपा गया था। उन्होंने यह कार्य चंद दिनों में ही पूरा कर लिया। अपना कार्य पूर्ण होने पर उन्होंने अन्य तीन ब्लॉकों का कार्य भी स्वयं आगे आकर लिया और उसे भी एक सप्ताह में ही पूरा कर दिया। उन्होंने बताया कि यदि मन लगाकर और पूरी ईमानदारी से कार्य किया जाए, तो कोई भी कार्य कठिन नहीं होता और समय से पहले पूरा किया जा सकता है।

जल गंगा संवर्धन अभियान बना जन आंदोलन

जलसंरचनाओं और कुएं-बावड़ियों को जिले में मिल रहा नया रूप

इंदौर।

इंदौर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ी पहल पर प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन भियान को तेजी से क्रियान्वित किया जा ा है। यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले ा है। जिले में जल संवर्धन और संरक्षण के र्यों में मदद के लिए नागरिक और कॉर्पोरेट क्टर भी आगे आ रहे हैं। इनके सहयोग से ानी बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार कर नका सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है तथा योगी बनाया जा रहा है। कलेक्टर शिवम र्मा की अध्यक्षता में जिले में संचालित जल गा संवर्धन अभियान तथा जल संरक्षण एवं ल संवर्धन से संबंधित कार्यों की समीक्षा ठक आयोजित की गई। बैठक में जिला वायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्धार्थ जैन सहित संबंधित विभागों के धिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जानकारी दी गई कि इंदौर ले में वर्ष 2026-27 के दौरान जल संरक्षण वं संवर्धन के क्षेत्र में प्रभावी कार्य जा रहे हैं। ताया गया कि इस अभियान के अंतर्गत ाईसीआईसीआई बैंक ने 15 बावड़ियों की फाई और जीर्णोद्धार का कार्य हाथ में लिया । इसी तरह आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा कुएं के जीर्णोद्धार की जिम्मेवारी ली गई । सोनिक बॉयोकेम द्वारा 10 हजार पौधे गाए जाएंगे। मोयरा सरिया द्वार दो हजार ों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए दो हजार ल्टर दिए गए हैं। इसी तरह कृतज्ञ वेल्फेयर सायटी द्वारा 150 रिचार्ज सॉफ्ट का निर्माण या जा रहा है। इफ्का फाउंडेशन द्वारा यपास एवं मुख्य चौराहों पर ड्रम प्लांटेशन या जा रहा है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 10 हजार पौधारोपण और एक हजार रूफ टर हार्वेस्टिंग के लिए फिल्टर देने की

101 तालाबों का निर्माण कार्य पूर्ण

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों किसानों के सहयोग से तालाबों के गहरीकरण का कार्य जारी है। बैठक में बताया गया कि गत वर्ष चलाये गए अभियान में अमृत सरोवर अभियान के अंतर्गत 101 तालाबों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। इसी प्रकार पुष्कर धरोहर समृद्धि अभियान के तहत 392 जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य कराए गए तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 713 निर्माण कार्य पूर्ण किए गए। इनमें मुख्य रूप से सोख पिट, रिचार्ज पिट, वर्षा जल संचयन संरचनाएं, खेत तालाब, पारंपरिक जल निकायों एवं टैंकों का नवीनीकरण शामिल है।

ईएफआई और भारतीय जन संगठन द्वारा भी जल संरक्षण और जल संवर्धन के कार्यों में मदद दी जा रही है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के सभी कार्य बरसात से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि नए एवं पुराने तालाबों में आजीविका मिशन के अंतर्गत यूजर ग्रुप बनाए जाएं तथा इन समूहों से महिलाओं को जोड़कर आर्थिक गतिविधियाँ प्रारंभ की जाएं, जिससे तालाबों का उपयोग रोजगारपरक गतिविधियों के लिए भी हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि इस वर्ष जिले के सभी शासकीय भवनों में अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं तैयार की जाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले सभी आवासों में भी वर्षा जल संचयन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही श्मशान घाटों के जीर्णोद्धार कार्य भी

5 हजार कार्य कराये जाने का लक्ष्य

बैठक में बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान इस वर्ष भी संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पुराने कुएं एवं बावड़ियों, तालाबों, स्टॉप डेम के जीर्णोद्धार और साफ-सफाई का कार्य हाथ में लिया गया है। अभियान के अंतर्गत रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज पिट, रिचार्ज शाफ्ट, डगवेल रिचार्ज, खेत तालाब, हैण्डपम्प रिचार्ज आदि के कार्य कराये जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के कुल 5 हजार कार्य कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह कार्य शुरू भी कर दिए गए हैं। इसी तरह शहरी क्षेत्र में लगभग 25 हजार कार्य कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

जिले में खाद की कोई कमी नहीं, पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार इंदौर जिले में किसानों को पारदर्शी सुगम एवं समयबद्ध उर्वरक उपलब्ध करने के उद्देश्य से ई-विकास वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान पोर्टल के द्वारा निजी एवं सहकारिता के माध्यम से उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में खरीफ सीजन हेतु कुल 32701 मेट्रिक टन उर्वरक भण्डारित होकर 1357 मेट्रिक टन उर्वरक वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में 5627 मेट्रिक टन यूरिया, डी.ए.पी. 2093 मेट्रिक टन, एन. पी.के. 9986 मेट्रिक टन, एम.ओ.पी. 4357 मेट्रिक टन एवं सुपर फास्फेट 9281 मेट्रिक टन उपलब्ध है।

आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार

इंदौर। भारतीय जनता पार्टी इंदौर नगर की आगामी कार्यक्रमों को लेकर मंडलों की बैठकें नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक महेंद्र हार्डिया, गोलू शु ला की उपस्थिति में स पन्न हुईं। वीर सावरकर, रानी लक्ष्मीबाई, गुरु गोविंद सिंह व राजेंद्र धारकर मंडल की कामकाजी बैठकों में आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी विधानसभा चुनाव में एतिहासिक विजय की

चेन्नई से इंदौर के चिड़ियाघर में आए सात नए वन्यजीव

नए मेहमानों की आवक से चिड़ियाघर के कुनबे में वृद्धि

इंदौर।

इंदौर के चिड़ियाघर में वन्यजीव प्रेमियों के लिए सुखद और उत्साहजनक खबर सामने आई है। एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत चेन्नई स्थित प्रसिद्ध चिड़ियाघर से इंदौर के चिड़ियाघर में सात नए वन्यजीवों का आगमन हुआ है। यह कदम चिड़ियाघर की जैव विविधता को बढ़ाने और पर्यटकों के लिए आकर्षण के नए केंद्र स्थापित करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार इन नए मेहमानों की आवक से चिड़ियाघर के कुनबे में वृद्धि हुई है।

शुतुरमुर्ग और हिप्पो का जलवा

चेन्नई से लाए गए इन सात नए सदस्यों में शुतुरमुर्ग और हिप्पो जैसे विशालकाय और आकर्षक जीव मुख्य रूप से शामिल हैं। इसके साथ ही इस खेप में अनाकोंडा को भी लाया गया है जो दर्शकों के बीच कौतूहल का विषय बना रहता है। विशेष रूप से हिप्पो और अनाकोंडा की उपस्थिति इंदौर चिड़ियाघर की रौनक में चार चांद लगाने वाली साबित होगी। चिड़ियाघर प्रबंधन को पूरी उम्मीद है कि इन नए वन्यजीवों को देखने के लिए आने वाले समय में दर्शकों और वन्यजीव प्रेमियों का उत्साह काफी बढ़ जाएगा और चिड़ियाघर के राजस्व व लोकप्रियता में भी इजाफा होगा।

अब इंदौर से दूसरे स्थानों पर भेजे जाएंगे वन्यजीव

इस पूरी अदला-बदली की प्रक्रिया के दूसरे चरण में इंदौर चिड़ियाघर से भी कुछ वन्यजीवों को अनुसार एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत इंदौर से शेर (लॉयन) के एक जोड़े को चेन्नई या संबंधित चिड़ियाघर में भेजा जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न चिड़ियाघरों में अलग-अलग प्रजातियों का उचित संतुलन बनाए रखना और वन्यजीव संरक्षण के वैश्विक मानकों को पूरा करन है। इससे न केवल जीवों के प्रजनन में मदद मिलती है बल्कि उनके आनुवंशिक विविधीकरण को भी बढ़ावा मिलता है।

एनिमल एक्सचेंड प्रोग्राम से मिली प्रसिद्धि

इंदौर का चिड़ियाघर मध्य प्रदेश के सबसे पुराने और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है जो अपनी विशेष सुविधाओं के लिए जाना जाता है। यहां का वातावरण वन्यजीवों के अनुकूल बनाय गया है ताकि उन्हें प्राकृतिक आवास जैसा अनुभव हो सके। चिड़ियाघर में दुर्लभ पक्षियों के लिए बनाए गए विशाल पिंजरे और बाघों के लिए सुरक्षित बाड़े यहां की पहचान हैं। इसके अतिरिक्त यहां मौजूद विभिन्न प्रकार के सांपों का संग्रह सप प्रेमियों के लिए एक बड़ा केंद्र है। समय-समय पर होने वाले ऐसे एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम इंदौर चिड़ियाघर को नई पहचान दिलाते रहे हैं जिससे यहां के पशु-पक्षियों की विविधता अंतरराष्ट्रीय स्त

एमपी में आंधी-बारिश के 2 सिस्टम, 28 जिलों में अलर्ट

ग्वालियर-जबलपुर भी भीगेंगे, 50कि.मी /घंटा की रफ्तार से चलेगी आंधी

● भोपाल,ईएमएस।

एमपी में आंधी-बारिश के 2 सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश के आधे हिस्से यानी, 28 जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश होने का अलर्ट है। ग्वालियर, दतिया, मुरैना, भिंड, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में आंधी की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है।

(मौसम केंद्र) भोपाल के अनुसार, शाम के समय प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलेगा। कुछ जिलों में दिन में भी आंधी-बारिश का दौर रह सकता है।

इन जिलों में दिन में तेज गर्मी पड़ेगी : मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, अलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, श्योपुर, गुना, शिवपुरी और अशोकनगर में दिन में गर्मी का असर बना रहेगा। प्रदेश में मंगलवार को लगातार पांचवें दिन भी आंधी-बारिश का दौर बना रहा। ग्वालियर, छतरपुर, धार, बड़वानी, डिंडौरी, बालाघाट समेत कई जिलों में सुबह से ही आंधी-बारिश का दौर जारी रहा। रात में भी भोपाल समेत कई जिलों में तेज आंधी चली।

मंगलवार को दिन के तापमान में भी गिरावट हुई है। 5 बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 37.2 डिग्री, इंदौर में 37.6 डिग्री, ग्वालियर में 34.7 डिग्री, उज्जैन में 38 डिग्री और जबलपुर में पारा 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं, खरगोन सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री, खंडवा में 41.5 डिग्री और नरसिंहपुर में 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नौगांव में सबसे कम 33.5 डिग्री रहा। सीधी में 34 डिग्री, टीकमगढ़ में 34.5 डिग्री, रीवा में 34.6 डिग्री, सतना-दतिया में 34.8 डिग्री, मलाजखंड में 35 डिग्री, उमरिया में 35.4 डिग्री और गुना में पारा 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

जबलपुर-ग्वालियर समेत 27 जिलों में बारिश, 8 जिलों में ओले भी गिरे

मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान 27 जिलों में आंधी-बारिश का दौर रहा। इनमें जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, नर्मदापुरम, ग्वालियर, भिंड, दतिया, नीमच, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी शामिल हैं। इनमें रीवा, शहडोल, अनूपपुर, मंडला, डिंडौरी, उमरिया, बालाघाट और सिवनी जिलों में ओले भी गिरे। दूसरी ओर, सीधी में आंधी की रफ्तार सबसे ज्यादा 48 किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई। जबलपुर में 46घद्ध, शहडोल में 44घद्ध, बड़वानी में 43घद्ध, नीमच-चित्रकूट में 41घद्ध, नर्मदापुरम में 39घद्ध, ग्वालियर में 33घद्ध और धार में रफ्तार 31घद्ध प्रतिघंटा दर्ज की गई।

एम्स भोपाल को 130 देहदान

एम्स भोपाल को देहदाता हमारे सर्वोच्च शिक्षक हैं

भोपाल (ईएमएस)। एम्स भोपाल लगातार चिकित्सा शिक्षा और जनजागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। इसी क्रम में, एम्स भोपाल के एनाटॉमी विभाग को सतलोक आश्रम, बैतूल द्वारा संचालित एक सामूहिक जागरूकता अभियान के माध्यम से 130 देहदान पंजीकरण फॉर्म प्राप्त हुए हैं। यह संस्थान के देहदान कार्यक्रम के तहत प्राप्त सबसे बड़े संगठित योगदानों में से एक है। एम्स भोपाल का एनाटॉमी विभाग वर्ष 2013 से देहदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विभाग ने अपने उत्कृष्ट एनाटॉमी शिक्षण, नैतिक मानकों और कैडावर आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से व्यापक पहचान हासिल की है। इन प्रयासों के चलते लोगों में संस्थान के प्रति विश्वास भी लगातार बढ़ा है। अब तक विभाग को कुल 1,594 देहदान पंजीकरण प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 173 देहदान सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। यह आंकड़े इस बात का संकेत हैं कि समाज में इस पुनीत कार्य के प्रति जागरूकता और स्वैच्छिक भागीदारी बढ़ रही है। देहदान चिकित्सा शिक्षा की आधारशिला है, जिससे छात्र, सर्जन और शोधकर्ता मानव शरीर की संरचना को गहराई से समझ पाते हैं। इस संबंध में विभाग ने कहा कि देहदाता हमारे सर्वोच्च शिक्षक होते हैं, जो जीवन के बाद भी शिक्षा देकर भविष्य के डॉक्टरों को तैयार करते हैं और अनेक जिंदगियों को बचाने में योगदान देते हैं। विभाग ने इस सामूहिक पहल में भाग लेने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे मानवता, सामाजिक जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के लिए सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। एम्स भोपाल का देहदान कार्यक्रम समर्पित एनाटॉमी टीम द्वारा पूरी गरिमा, सम्मान और नैतिकता के साथ संचालित किया जा रहा है।

उज्जैन में कहा- गड़बड़ी कर 100 सीट जीती, बीजेपी के गुंडे जश्न मना रहे; बादल, महबूबा, चौटाला, नीतीश खत्म

बंगाल में बीजेपी जीती नहीं, जिताई गई : पप्पू यादव

● उज्जैन, ईएमएस।

बीजेपी चुनाव जीती नहीं, जिताई गई है। और अब बीजेपी के गुंडे जश्न मना रहे हैं। यह विवादित बयान बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय बाहुबली सांसद पप्पू यादव दो दिवसीय प्रवास पर उज्जैन में मीडिया से चर्चा के बाद दिया है। पप्पू यादव मंगलवार सुबह महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती में शामिल हुए और इसके बाद अन्य मंदिरों में भी दर्शन किए। बुधवार को बिहार रवाना होने से पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि इंसानियत और मानवता की रक्षा के लिए महाकाल का आशीर्वाद

लिया है।

उन्होंने कहा कि दुनिया युद्ध की ओर बढ़ रही है और नफरत खत्म कर मोहब्बत का रास्ता अपनाने की जरूरत है। यादव ने नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी माता के दर्शन भी किए।

बंगाल चुनाव पर गंभीर आरोप: पप्पू यादव ने पश्चिम बंगाल चुनाव नतीजों पर केंद्र सरकार और एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बंगाल में बीजेपी जीती नहीं, जिताई गई है। 100 सीटों पर गड़बड़ी कर जीत हासिल की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई और एनआईए जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया। यादव ने कहा कि चुनाव में भारी सुरक्षा बलों की तैनाती की गई और ऐसा लग रहा था जैसे सुखोई और राफेल ही लगाना बाकी था। उन्होंने वोटिंग प्रतिशत पर भी सवाल उठाते हुए जांच की मांग की।

यादव बोले 90 प्रतिशत वोट कहां से कास्ट हो गया, एक बूथ पर तीन तो बक्सा रहता है या दो। यदि हम साढ़े दस घंटा भी वोट डालते हैं तो साढ़े नौ सौ वोट गिरता है। तो 92ज प्रतिशत वोट कहां से गिर गया। साढ़े चार लाख का फ़ोर्स बंगाल भेज दिया। चार सौ बटालियन ममता दीदी के यहां तैनात की। दोपहर 2 बजे के बाद ष्टष्ट्रङ्क फुटेज को चेक कराइये। ममता दीदी के सीट की गिनती सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पांच सदस्य बेंच के नेतृत्व में कर लीजिए। यदि ममता दीदी हार जाएगी। तो जनादेश स्वीकार है। छोटी पार्टियों को कांग्रेस से लड़ाई नहीं लड़नी चाहिए। एक होकर के लड़ाई लड़नी चाहिए। मैं तो हाथ जोड़कर कहूंगा कांग्रेस और सभी विपक्ष से एक होकर के चुनाव लड़िए।

सुप्रीम कोर्ट से जांच की मांग

पप्पू यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट सभी बूथों की जांच कराए और ओपन काउंटिंग कराई जाए। उनका दावा है कि सीसीटीवी फुटेज भी बंद कर दिए गए थे और कई जगह टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले हुए। यादव ने विपक्षी दलों से 2027 और 2029 के चुनाव एकजुट होकर लड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि छोटी पार्टियों को कांग्रेस से अलग लड़ाई नहीं लड़नी चाहिए। उन्होने कई क्षेत्रीय नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि कई बड़े नेता और दल खत्म हो गए, अब विपक्ष को रणनीति बदलनी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में सेवा और संघर्ष की भावना को बनाए रखना जरूरी है और देशहित में एकजुटता ही आगे का रास्ता है।

40 जगह टीएमसी के कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ है

ममता दीदी हार गई तो संघर्ष और मदद करना छोड़ देने के अपने वादे पर यादव ने कहा जब संघर्ष हारेगा, सेवा हारेगी, दीदी की मदद हारेगी।

सुचारू ट्रॉफिक व्यववस्था के लिए अतिक्रमण मुहिम चलेगी

मक्सी रोड व एबी रोड पर पुल के नीचे से अवैध अतिक्रमण हटाएं-कलेक्टर

देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद ने यातायात व्यवस्था, महिला अपराध रोकथाम, एसटी/एससी अपराध, नशा मुक्ति, चिन्हित अपराध, गबन धोखाधड़ी और अवैध खनन संबंध विषयों पर विस्तृत समीक्षा की। बैठक में निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, एएसपी ट्राफिक एचएन बाथम, एसडीएम बागली शिवम यादव, एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा, सांसद प्रतिनिधि शंभु अग्रवाल सहित जिला अधिकारीगण एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। जिला स्तरीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने के संबंध में कड़े दिशा-

निर्देश दिये गए। बैठक में मुख्य रूप से सडक़ दुर्घटनाओं, ब्लैक स्पॉट्स के सुधार और अतिक्रमण हटाने पर जोर दिया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर दुर्घटना मृत्यु दर अधिक है। कलेक्टर ने कहा कि हाइवे पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले ढ़ाबा संचालकों पर सख्त कार्यवाही करें। विशेष रूप से उन ढाबा संचालकों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं जिन्होंने अपनी सुविधा के लिए नेशनल हाईवे पर अवैध कट पॉइंट बना लिए हैं। कलेक्टर ने देवास शहर में अतिक्रमण हटाने एवं यातायात प्रबंधन के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि शहर में एबी रोड और भोपाल रोड पर सर्विस रोड पर से अवैध अतिक्रमणों को तत्काल हटाने की कार्यवाही करें। उन्होंने देवास में सिविल लाइन तिराहे से बस स्टैंड तक अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश नगर निगम, पुलिस और राजस्व विभाग को दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में सर्वे कराकर जांच करें की मानक स्तर के स्पीड ब्रेकर बनाए गए है या नहीं। जिले में मानक स्तर के स्पीड ब्रेकर बनाये जाये। कलेक्टर ने नर्मदा परिक्रमा पथ पर श्रद्धालुओं के लिए मार्ग संकेतक और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी नाव संचालकों को निर्देशित करें कि बिना लाइफ जैकेट के किसी भी व्यक्ति को नाव में न बैठाएं। कलेक्टर ने जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट की समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि नेवरी फाटा एक संवेदनशील ब्लैक स्पॉट बन चुका है, जहां दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं। कलेक्टर ने सडक़ सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आरटीओ और ट्राफिक पुलिस को निर्देशित किया कि वे व्यापारिक और निजी वाहनों की पीयूसी और इंश्योरेंस की नियमित जांच करें।

सडक़ हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत

देवास

जिले के सोनकच्छ में मंगलवार को सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर मौत हो गई। पाटडिया के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों कालापीपल के निवासी थे और देवास में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। जानकारी के अनुसार अंसार (30) अपने पिता दिलशाद (60) के साथ गंधर्वपुरी में पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के बाद दोनों देवली स्थित रिश्तेदार के घर जा रहे थे, तभी पाटड़िया के पास हादसा हो गया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सोनकच्छ क्षेत्र से परिजन अस्पताल पहुंचे। परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। परिजनों ने बताया कि पिता-पुत्र को शादी में खुशी-खुशी भेजा था, लेकिन अचानक हादसे की खबर ने पूरे परिवार को तोड़ दिया।

मप्र शिवसेना युवा सेना में शर्मा राज्य उपप्रमुख, वर्मा प्रदेश महासचिव बने

देवास

मध्यप्रदेश में शिवसेना (शिंदे गुट) की युवासेना में संगठनात्मक स्तर पर बड़ा बदलाव देखने को मिला है। राज्य प्रमुख अनुराग सोनार ने युवा नेतृत्व को मजबूत करते हुए रोहित शर्मा और सुनील वर्मा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। बताया जा रहा है कि 3 मई को मध्यप्रदेश की पूरी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया था।

इसके तुरंत बाद 5 मई को नई नियुक्तियों की घोषणा करते हुए रोहित शर्मा को पुन: राज्य उपप्रमुख बनाया गया और उन्हें पूरे मध्यप्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, सुनील वर्मा का कद बढ़ाते हुए उन्हें राज्य मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है।

वे देवास जिले के जिला अध्यक्ष पद पर भी बने रहेंगे। इस बदलाव की पृष्ठभूमि में 18 अप्रैल को मुंबई में आयोजित शिवसेना युवासेना के राष्ट्रीय अधिवेशन को माना जा रहा है, जहां शीर्ष नेतृत्व ने मध्यप्रदेश की नई कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए थे। राज्य प्रमुख अनुराग सोनार ने बताया कि नई कार्यकारिणी का गठन 15 मई तक पूरा कर लिया जाएगा।

शिवसेना मुख्य नेता उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सांसद श्रीकांत शिंदे युवासेना राष्ट्रीय अध्यक्ष पुर्वेश सरनाईक राष्ट्रीय सचिव किरण दादा साली निर्देश पर दोनों पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है।

रात्रि चौपाल में प्राप्त आवेदनों के की विभागवार समीक्षा की

समस्याओं का सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित करें: चंद्रा

नीमच

कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समय सीमा पत्रों के निराकरण, रात्रि चौपाल कोज्या एवं टामोटी में ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एडीएम बीएस कलेश, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे कोज्या एवं टामोटी में सम्पन्न रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से प्राप्त समस्याओं, आवेदनों का सकारात्मक त्वरित निराकरण सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने टामोटी में जल निगम द्वारा मजरो, टोलो के कुछ घरों में नीला पाईप डालकर कनेक्शन से छूट जाने की ग्रामीणों की समस्या पर जल निगम महाप्रबंधक को निर्देश दिए, कि वे संबंधित सहायक यंत्री एवं उपयंत्री के विरूद्ध कार्यवाही कर अवगत कराए और ग्रामीणों की समस्या का त्वरित समाधान मौके पर सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर टामोटी क्षेत्र के कुछ गांव गांधीसागर से रामपुरा, मनासा सूक्ष्म प्रेशरयुक्त सिंचाई योजना से छूटने पर इन गांवों को शामिल करने की मांग पर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री के प्रति अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिए, कि वे छूटे हुए सभी गांवों को स्वीकृत रामपुरा, मनासा सिंचाई परियोजना में शामिल करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को तत्काल भिजवाए।

बुजुर्ग किसान से मंडी के बाहर 31 हजार ठगे, बातों में उलझाकर 3 मिनट में कैश लेकर फरार

देवास

एक बुजुर्ग किसान से 31 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। बदमाशों ने मंडी के बाहर बस का इंतजार कर रहे किसान को बातों में उलझाकर वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, उज्जैन जिले के बोरदा धाकड़ निवासी करीब 70 वर्षीय किसान समंदर सिंह मंगलवार को मक्सी रोड स्थित मंडी में अपनी उपज बेचने आए थे। उपज बेचने के बाद उनके पास 31 हजार रुपये की नकदी थी।

किसान मंडी के सामने बस का इंतजार कर रहे थे, तभी दो बाइकों पर सवार चार युवक उनके पास पहुंचे। इनमें से दो युवकों ने किसान से रास्ता पूछने के बहाने बातचीत शुरू कर दी। महज 2 से 3 मिनट की बातचीत के दौरान बदमाशों ने किसान को इस तरह उलझाया कि उन्हें भनक तक नहीं लगी और कुर्ते के अंदर बनियान में रखे 31 हजार रुपये निकाल लिए।

घटना के कुछ ही सेकंड बाद किसान को एहसास हुआ तो उन्होंने बदमाशों का पीछा भी किया। हालांकि, तब तक चारों आरोपी दोनों बाइकों से फरार हो चुके थे। इस पूरी वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। घटना की सूचना मिलने पर बीएनपी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी प्रीति कटारे ने बताया कि सीसीटीवी में चार संदिग्ध युवक दो बाइकों पर नजर आए हैं। हालांकि अभी तक बाइकों के नंबर स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। किसान को भी थाने बुलाकर पूछताछ की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

बुजुर्ग मजदूर की सड़क हादसे में मौत

देवास। भौंरासा फाटा के पास एक सडक़ हादसे में 50 वर्षीय बुजुर्ग मजदूर प्रभुलाल की मौत हो गई। घटना मंगलवार देर रात तब हुई जब वे अपनी मां से मिलकर सोनकच्छ स्थित अपने कार्यस्थल लौट रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, खामखेड़ी (बागली) निवासी प्रभुलाल सोनकच्छ क्षेत्र में मजदूरी करते थे। मंगलवार को वे अपनी मां से मिलने गांव गए थे। वापस लौटते समय भौंरासा फाटा के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने रात करीब 1 बजे प्रभुलाल के परिजनों को हादसे की सूचना दी। उनके बेटे माखन रघुवंशी ने बताया कि उन्हें अभी तक यह स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है कि यह घटना कैसे हुई।

विश्व दिव्यांग दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित

लोक अदालत के प्रचार वाहन को दी गई हरी झंडी

शाजापुर

जिला न्यायालय परिसर शाजापुर में आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री आनंद कुमार तिवारी द्वारा 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री तिवारी द्वारा नेशनल लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को चिन्हित कर आपसी समझौते के माध्यम से उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से विद्युत अधिनियम सहित अन्य प्रकरणों में नियमानुसार छूट के प्रावधान की जानकारी देते हुए कहा कि इसका लाभ केवल लोक अदालत में समझौता होने पर ही प्राप्त होगा।

बैठक के दौरान सभी न्यायाधीशों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकाधिक प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के लिए चिन्हित करें तथा पक्षकारों को समझाइश देकर आपसी सहमति से निराकरण के लिए प्रेरित करें, जिससे आमजन को त्वरित, सुलभ एवं किफायती न्याय मिल सके।

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत अंजनी नंदन जोशी, जिला न्यायाधीशगण जितेन्द्र कुमार पाराशर, दिलीप सिंह, गिरिराज प्रसाद गर्ग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नमिता बौरासी, व्यवहार न्यायाधीशगण प्रेमलता जितेन्द्र गोयल, कु. अनुष्का शर्मा, मोहनी भदौरिया, नेहा, ठाकुर, जयश्री आर्यन मेहरा, सहित अन्य न्यायाधीशगण उपस्थित थे।

बैठक के उपरांत नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया गया, जिससे आमजन को अधिक से अधिक जानकारी प्रदान की जा सके।

नेशनल लोक अदालत 9 मई को होगी आयोजित

मंदसौर। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु माननीय श्री अनीष कुमार मिश्रा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मंदसौर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रचार-रथ को रवाना किया गया। उक्त प्रचार-रथ के माध्यम से जिले के सुदूर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जाकर आमजन को नेशनल लोक अदालत के आयोजन, उसकी उपयोगिता एवं लाभों के संबंध में जागरूक किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण प्रकरण, विद्युत बिल विवाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण आपसी सहमति से त्वरित एवं सरल निराकरण किया जाता है।

पेट्रोल खत्म होने पर रूके बाइक सवार से बदमाशों ने लूटे 10 हजार

ट्रांजेक्शन डिटेल से पकड़ाए बदमाश, डरा धमकाकर अकाउंट में रुपए भिजवाए

देवास

बाइक सवार से नेशनल हाईवे पर लूट के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को तीन बदमाशों ने दो युवकों से लूट की की थी।औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने बुधवार को इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पेट्रोल खत्म होने पर सडक़ किनारे रुके युवकों को डरा-धमकाकर उनसे पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए थे। पुलिस ने डिजिटल लेनदेन के डाटा के अनुसार पूरी वारदात का खुलासा किया।

पुलिस के अनुसार, 4 मई को विशाल पालसिया ने औद्योगिक क्षेत्र थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वे अपने भाई कपिल के साथ देवास में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद रात करीब 1:30 बजे इंदौर स्थित अपने घर लौट रहे थे। इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप, लोहार पिपलिया के पास उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। जब वे बाइक को धक्का देकर पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे, तभी देवास की ओर से बाइक पर सवार तीन युवक आए। उन्होंने युवकों को धमकाया और 10,000 रुपये मांगे।

पैसे न देने पर उनके साथ मारपीट की गई और जबरन पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर करवाकर आरोपी फरार हो गए। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने अज्ञात आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के आदेश दिए। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

भागवत कथा एवं दत्तात्रेय भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

देवास

श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा श्री भूतेश्वर आश्रम शनि मंदिर बगाना में 8 मई से 14.2026 तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। महंत त्रिवेणी गीरी जी महाराज ने बताया कि भूतभावन श्री भूतेश्वर महादेव एवं ब्रम्हलीन मंहत श्रीश्री शिवगिरी जी महाराज की कृपा से राष्ट्र उत्थान सबके सुख समृध्दि आरोग्य मंगल एवं कल्याण हेतु श्री रूद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा तथा भगवान श्री दत्तात्रेय की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यकम के अन्तर्गत भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी उसके उपरांत दोपहर 12 बजे से लेकर 03 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है

ई-टोकन से किसान को सहकारी संस्था से खाद वितरण

आगर मालवा। जिला सहकारी बैंक शाखा नलखेड़ा अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मोल्याखेड़ी में किसानों को सुगम एवं पारदर्शी व्यवस्था के तहत ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से खाद वितरण किया जा रहा है। संस्था मोल्याखेड़ी में एक किसान द्वारा ई-टोकन की सफलतापूर्वक बुकिंग किए जाने के बाद निर्धारित प्रक्रिया अनुसार खाद उपलब्ध कराया गया। इस व्यवस्था से किसानों को समय पर खाद उपलब्ध होने के साथ अनावश्यक प्रतीक्षा से भी राहत मिल रही है। संस्था कर्मचारी,पाटीदार उपस्थित रहे।

महापौर जनसुनवाई में उपायुक्त ने सुनी नागरिकों की शिकायते

निगम अधिकारियों को दिए तत्काल निराकरण किये जाने के निर्देश

देवास

महापौर जनसुनवाई और नागरिकों से प्राप्त निगम संबंधि शिकायती पत्रों पर समयसीमा तय कर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाए। ऐसे प्रकरण जो मांग आधारित नहीं है और केवल प्रशासकीय स्तर पर ही निराकृत किए जाने हैं उनके निराकरण में तत्परता लाए। निगम बैठक हाल में आयोजित महापौर जनसुनवाई में महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के प्रवास पर होने के कारण बुधवार को निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों से प्राप्त 8 निगम संबंधि शिकायतों के आवेदन पत्रों पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। प्राप्त आवेदनों में वार्ड 11 मुखर्जी नगर में चेम्बर का गंदे पानी की निकासी करवाने,अखाद्य लायसेंस की राशि जमा करने मे त्रुटी होने, वार्ड 13 राजीव गॉधी नगर में कालोनाईजर द्वारा पुराने चेम्बर को तोड कर दीवर उठाने, शक्ति नगर निवासी द्वारा मुख्यमंत्री संबल योजना का लाभ दिवाने, वार्ड 19 भगतसिंह मार्ग मे गंदगी एवं पानी का समस्या के निराकरण करने, हनुमान बाखल मे नल से आने वाला पानी कम दबाव से आने, बीमा रोड चौराहा का अतिक्रमण हटाने, तिलक नगर मे बबूल के पेड की टहनी से विद्युत के तार टकराने एवं अन्य समस्याओं के आवेदन दिए गये। जनसुनवाई के दौरान जाफरी के द्वारा उपायुक्त आरती खेडेकर उपायुक्त वित्त दीपक पटेल के साथ 6 व्यवसाईयों को खाद्य एवं अखाद्य लायसेंसो का वितरण भी किया गया। जनसुनवाई में सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, उपयंत्री दिनेश चौहान, पलक श्रीवास्तव, कार्यालय अधिक्षक रणजीतसिंह पंजाबी, स्वच्छता निरीक्षक हेमन्त उबनारे, हरेन्द्रसिंह ठाकुर, सुर्यप्रकाश तिवारी, विशाल जगताप, मुन्ना कुरैशी व नागरिकगण एवं व्यवसाई उपस्थित रहे।

मकान सूचीकरण चार्ज अधिकारियों ने किया निरीक्षण

रतलाम। भारत सरकार, गृह मंत्रालय के जनगणना कार्य निदेशालय के आदेश के परिपालन में भारत की जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी कार्य 30 मई 2026 तक किया जाना है। प्रगणकों द्वारा ऑनलाइन एप के माध्यम से मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य किया जा रहा है प्रगणक, पर्यवेक्षक, फील्ड ट्रेनर द्वारा घर-घर जाकर जानकारी लेकर एप पर अपडेट की जा रही है । चार्ज अधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में निरीक्षण कर काम की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई ।

भारत तिब्बत समन्वय संघ में जिला स्तर पर नई नियुक्तियां

देवास

चीन से भगवान भोलेनाथ के पवित्र कैलाश मानसरोवर की मुक्ति और तिब्बत की पूर्ण स्वतंत्रता के मुख्य संकल्प को लेकर कार्य कर रहे सामाजिक संगठन भारत तिब्बत समन्वय संघ ने देवास जिले में अपने संगठन का विस्तार किया है। संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए जिला स्तर पर कई महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं।

यह सामाजिक संगठन वर्तमान में पूरे देशभर में तेजी से अपने पैर जमा रहा है। देवास जिले में भी यह लंबे समय से सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दे रहा है। इसी कड़ी में संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है। संघ के जिलाध्यक्ष आनंद सिंह ठाकुर , महामंत्री जयदेव वर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, संगठन में नई नियुक्तियां की गई हैं।

जिसमें संजय धारीवाल जिला गौरक्षा प्रभाग संयोजक, रत्ना मिश्रा जिला महामंत्री, विशाल गुजेवार जिला मानव अधिकार प्रभाग संयोजक, संजय पौराणिक जिला संयोजक इन नई नियुक्तियों के माध्यम से संगठन ने गौरक्षा, महिला सशक्तिकरण, मानवाधिकार संरक्षण और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत करने का प्रयास किया है। पदाधिकारियों को उनके नए दायित्वों के लिए संगठन के सदस्यों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।

फटाफट खबरें

सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 34 से बढ़कर 38

नई दिल्ली,(ईएमएस)। केंद्र सरकार की मंत्रिमंडल बैठक में कई अहम फैसले लिए गए, जिनका असर न्यायपालिका, उद्योग और बुनियादी ढांचे पर दिखाई देगा। सबसे प्रमुख निर्णय सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने का है, जिसे 34 से बढ़ाकर 38 करने की मंजूरी दी गई। इससे लंबित मामलों के तेजी से निपटारे में मदद मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही उद्योगों को राहत देने के लिए इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी योजना को आगे बढ़ाया गया है। खासतौर पर एविएशन सेक्टर को ध्यान में रखते हुए एयरलाइंस कंपनियों को क्रेडिट गारंटी सुविधा दी जाएगी, जिससे उन्हें आर्थिक संकट से उबरने में सहायता मिलेगी। बैठक में सेमीकंडक्टर यूनिट्स को प्रोत्साहन, नई रेल लाइनों को मंजूरी और कृषि क्षेत्र से जुड़े फैसले भी शामिल रहे।

करीब चार लाख वाई-फाई कनेक्शन का एक ही पासवर्ड

नई दिल्ली,(ईएमएस)। देशभर में डिजिटल कनेक्टिविटी को आसान और किफायती बनाने के लिए सरकार एक नई पहल की तैयारी में है। प्रस्ताव के तहत करीब 4 लाख पब्लिक वाई-फाई हॉटस्पॉट्स को एक ही पासवर्ड या ओटीपी सिस्टम से जोड़ने की योजना बनाई जा रही है। इसका मकसद लोगों को बार-बार लॉगिन की परेशानी से राहत देना और इंटरनेट उपयोग को सरल बनाना है। इस योजना के लागू होने के बाद यूजर्स को हर जगह अलग-अलग ओटीपी लेने की जरूरत नहीं होगी। एक बार लॉगिन करने पर वे देशभर के किसी भी पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क से आसानी से जुड़ सकेंगे। इससे खासकर यात्रियों, छात्रों और छोटे कारोबारियों को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। सरकार ने इस प्रस्ताव पर टेलीकॉम कंपनियों और आम लोगों से सुझाव भी मांगे हैं।

भारत-बांग्लादेश के तीस्ता मामले में दखल दे रहा चीन

ढाका(ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच तीस्ता नदी के जल बंटवारे को लेकर दशकों से चला आ रहा विवाद अब एक बेहद संवेदनशील और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। जहां एक तरफ भारत इस मुद्दे पर 'बीच का रास्ता' निकालकर कूटनीतिक समाधान की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश ने इस मामले में चीन को शामिल करने के संकेत देकर नई हलचल पैदा कर दी है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है कि उनकी सरकार तीस्ता नदी परियोजना के लिए चीन द्वारा प्रस्तावित 'मास्टरप्लान' पर बीजिंग के साथ गहन बातचीत कर रही है। ढाका का यह रुख भारत के लिए एक बड़े सुरक्षा अलार्म के रूप में देखा जा रहा है।

अमेरिकी पोतों पर ईरान ने बरसाई गोलियां

तेहरान,(ईएमएस)। ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्धविराम के बीच होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान की नौसेना नजर जमाए हुए है। ईरान ने दावा किया है कि अमेरिकी विध्वंसक पोतों ने होर्मुज जलडमरूमध्य में प्रवेश करने की जब कोशिश की तो ईरानी नौसेना ने चेतावनी के तौर पर गोलियां दागीं। इस बीच ईरान ने बताया कि अमेरिका ने उसकी नागरिक नौकाओं पर हमला किया, जिसमें उसके पांच लोग मारे गए। हालांकि अमेरिका ने दावा किया कि उसने जिन नौकाओं पर हमला किया, वे ईरान के आईआरजीसी की हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे ईरान के मुख्य वार्ताकार और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने मंगलवार को चेतावनी दी थी कि होर्मुज को लेकर जारी गतिरोध में उनके देश ने अभी शुरुआत भी नहीं की है।

जालंधर और अमृतसर में संदिग्ध धमाकों में लांडा

जालंधर,(ईएमएस)। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा खालिस्तानी और पाकिस्तान समर्थित आतंकी मॉड्यूल्स पर कड़ा शिकंजा कसने के बाद सीमावर्ती राज्य पंजाब में एक बार फिर अशांति फैलाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। बीती रात जालंधर और अमृतसर में दो संदिग्ध धमाकों ने सुरक्षा व्यवस्था की चुनौतियों को बढ़ा दिया है। इन धमाकों के पीछे खालिस्तानी आतंकी लखबीर सिंह लांडा और हरविंदर सिंह रिंदा का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। लांडा, जिसे भारत सरकार ने आतंकवादी घोषित कर रखा है, कनाडा से बैठकर आईएसआई के इशारे पर पंजाब में आरपीजी हमले और हथियारों की तस्करी जैसी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है।

बंगाल चुनाव नतीजों के बाद राहुल गांधी ने की ममता बनर्जी से लंबी बातचीत

करारी हार के बाद सक्रिय हुए विपक्षी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद विपक्षी राजनीति में नई हलचल देखने को मिल रही है। चुनाव रिजल्ट के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को फोन कर लंबी बातचीत की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच हुई यह बातचीत केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि कई गहरे राजनीतिक संकेतों से जुड़ी मानी जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इस बातचीत का पहला पहलू 'जरूरत' के रूप में सामने आता है।

विश्लेषकों ने निकाले अलग और खास मायने

बंगाल जैसे बड़े राज्य में हार का असर राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष की ताकत पर पड़ता है। ऐसे में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस जैसे दलों के बीच संवाद बनाए रखना जरूरी हो जाता है, ताकि भविष्य की रणनीति पर समन्वय स्थापित किया जा सके। खासकर तब, जब केंद्र में सत्तारूढ़ दल के मुकाबले विपक्ष को एकजुट दिखाने की आवश्यकता हो। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम में 'मजबूरी' का पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कांग्रेस का घटता जनाधार और कई राज्यों में कमजोर होती स्थिति उसे क्षेत्रीय दलों पर निर्भर बनने के लिए मजबूर कर रही है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की सीमित मौजूदगी को देखते हुए ममता बनर्जी से दूरी बनाना उसके लिए राजनीतिक रूप से नुकसानदेह हो सकता है। ऐसे में यह संपर्क बनाए रखना रणनीतिक विवशता भी माना जा रहा है। तीसरा महत्वपूर्ण पहलू इस फोन कॉल के जरिए दिया गया 'राजनीतिक संदेश' है। राहुल गांधी का यह कदम संकेत देता है कि विपक्ष पूरी तरह बिखरा नहीं है और सहयोग की संभावनाएं अभी भी मौजूद हैं। यह संदेश न केवल सहयोगी दलों के लिए बल्कि मतदाताओं के लिए भी अहम है, जो एक मजबूत और संगठित विकल्प की तलाश में रहते हैं।

हालांकि, इस घटनाक्रम में एक विरोधाभास भी साफ नजर आता है। चुनावी मैदान में कई बार कांग्रेस और टीएमसी एक-दूसरे के खिलाफ उतरती हैं, लेकिन नतीजों के बाद सहयोग की बात सामने आती है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने चला नया दांव, महिला होगी सीएम?

कोलकाता(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल के राजनीतिक इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। भाजपा आगामी 9 मई, शनिवार को राज्य में अपनी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने जा रही है। जानकारी अनुसार इससे पहले 08 मई शुक्रवार को विधायक दल की बैठक आयोजित की जाएगी। शपथ ग्रहण के भव्य आयोजन की तैयारियों के बीच सबसे बड़ा सवाल अब भी बना हुआ है कि आखिर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कौन बैठेगा? हालांकि पार्टी ने अब तक आधिकारिक तौर पर किसी नाम की घोषणा नहीं की है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस बात की प्रबल चर्चा है कि भाजपा बंगाल में किसी महिला चेहरे को कमान सौंपकर चौंका सकती है। मुख्यमंत्री पद की रेस में शुभेंदु अधिकारी का नाम सबसे आगे माना जा रहा है, जिन्होंने ममता बनर्जी को लगातार दो बार पटखनी देकर अपनी सांगठनिक क्षमता और लोकप्रियता साबित की है। लेकिन 'महिला कार्ड' की अटकलों ने अग्निमित्रा पॉल और रूपा गांगुली जैसे नामों को भी चर्चा के केंद्र में ला दिया है। आसनसोल दक्षिण से बड़ी जीत दर्ज करने वाली अग्निमित्रा पॉल, जो राजनीति में आने से पहले एक सफल फैशन डिजाइनर थीं, अब भाजपा का एक सशक्त चेहरा बनकर उभरी हैं। वहीं, 'महाभारत' की द्रौपदी के रूप में घर-घर में पहचानी जाने वाली पूर्व राज्यसभा सांसद रूपा गांगुली ने भी सोनारपुर दक्षिण सीट से प्रभावशाली जीत हासिल कर अपनी दावेदारी मजबूत की है।

बंगाल में नतीजों के बाद हिंसा, टीएमसी दफ्तर पर चला बुलडोजर

कोलकाता(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद राज्य के विभिन्न हिस्सों से हिंसा और तनाव की भयावह खबरें सामने आ रही हैं। चुनावी रंजिश ने अब खूनी मोड़ ले लिया है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता की जान जा चुकी है। इसी बीच, मंगलवार रात कोलकाता का हृदय स्थल कहा जाने वाला न्यू मार्केट इलाका अखाड़े में तब्दील हो गया। यहां टीएमसी के एक यूनियन कार्यालय और कुछ दुकानों को बुलडोजर से ढहाए जाने के बाद पूरे शहर में सनसनी फैल गई है। घटना के समय इलाके में भारी अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लोगों के एक बड़े समूह ने न्यू मार्केट यूनियन के टीएमसी दफ्तर को निशाना बनाया और देखते ही देखते पूरी इमारत को मलबे में तब्दील कर दिया। ऐतिहासिक हॉग मार्केट के पास हुई इस कार्रवाई से व्यापारियों में डर का माहौल है, जिसके चलते कई दुकानदारों ने आनन-फानन में शटर गिरा दिए और वहां से भाग निकले।

स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा डिजिटल प्लेटफॉर्म

'स्वस्थ भारत पोर्टल' लॉन्च जेपी नड्डा ने किया शुभारंभ

नई दिल्ली, (ईएमएस)। देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'स्वस्थ भारत पोर्टल' लॉन्च किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने 10वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के दौरान इस पोर्टल का शुभारंभ किया। 'भारत के स्वास्थ्य भविष्य को आकार देने वाली सर्वोत्तम प्रथाएं' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में इस पहल को एक आधुनिक और एकीकृत स्वास्थ्य ढांचे की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया गया।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा विकसित यह पोर्टल देश के विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को एक ही मंच पर लाने का कार्य करेगा। अब तक अलग-अलग डिजिटल एप्लिकेशन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी और रिपोर्टिंग की जाती थी, जिससे डेटा बिखराव और संसाधनों के दोहराव जैसी समस्याएं उत्पन्न होती थीं।

'स्वस्थ भारत पोर्टल' इन चुनौतियों का समाधान करते हुए 'वन-स्टॉप' प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगा।

यह पोर्टल एपीआई-आधारित फेडरेटेड आर्किटेक्चर पर तैयार किया गया है, जो विभिन्न स्वास्थ्य प्रणालियों को आपस में जोड़ता है। इससे इंटरऑपरेबिलिटी में सुधार होगा और डेटा का बेहतर उपयोग संभव हो सकेगा। स्वास्थ्य कर्मियों को अब अलग-अलग पोर्टल पर लॉगिन करने या बार-बार डेटा एंट्री करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे समय की बचत और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। इस पहल से देश के अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जैसे- आशा, एएनएम, सीएचओ और मेडिकल ऑफिसर सीधे लाभान्वित होंगे।

सरकार हुई सख्त : अब बाजार में नहीं बिक पाएगा सिंथेटिक पनीर

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने बाजार में बिकने वाले सिंथेटिक पनीर पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर ली है। कम पोषण और सेहत के लिए हानिकारक इस 'दिखावटी पनीर' को उपभोक्ताओं की सुरक्षा के मद्देनजर बाजार से बाहर किया जाएगा। मामले से जुड़े उच्चाधिकारियों के अनुसार, एक हाई लेवल कमेटी ने अक्टूबर 2025 में इस प्रस्ताव को तैयार किया था, जिसे मार्च 2026 की बैठक में आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है। समिति का तर्क है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा डेयरी उत्पादक देश है, फिर भी यहां बड़ी मात्रा में सस्ता और मिलावटी सिंथेटिक पनीर बेचा जा रहा है। यह दिखने और स्वाद में असली पनीर जैसा होता है, जिससे आम ग्राहक भ्रमित हो जाते हैं। वर्तमान में देश में लगभग 1,000 कंपनियों के पास इसे बनाने का लाइसेंस है।

ममता की हार देख अखिलेश ने आईपैक से तोड़ा नाता

लखनऊ,(ईएमएस)। समाजवादी पार्टी ने बंगाल में ममता बनर्जी और तमिलनाडु में एमके स्टालिन की चुनावी हार के बाद चुनाव प्रबंधन कंपनी आई-पैक से अपना रिश्ता खत्म करने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि अब पार्टी खुद चुनाव प्रबंधन करेगी। आधिकारिक तौर पर सपा की तरफ से आईपैक से ना तो रिश्ता जोड़ने का कोई बयान आया था ना ही अब जबकि 2027 चुनाव के लिए आईपैक से संबंध टूटे हैं तो इसका कोई आधिकारिक बयान पार्टी की तरफ से आया है, लेकिन पार्टी सूत्र बता रहे हैं कि चुनाव प्रबंधन करने वाली कंपनी आईपैक से अब समाजवादी पार्टी का कोई संबंध नहीं है। सपा के इंसाइडर्स यह बता रहे हैं कि आईपैक पर पड़े लगातार छापे और अब दो राज्यों में चुनावी हार, जहां आईपैक इस चुनाव को मैनेज कर रही थी।

मैथिली ठाकुर भी हैं मंत्री की रेस में

कल राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में शपथ लेंगे नए मंत्री

पटना(ईएमएस)। बिहार की सियासत में सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर जारी अटकलों पर अब विराम लग गया है। आगामी 7 मई, गुरुवार को राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होने जा रहा है। बताया जा रहा है कि मैथिली ठाकुर को भी मंत्री बनाए जाने की चर्चा चल रही है। कार्यक्रम की महत्ता को देखते हुए सुरक्षा के अत्यंत कड़े इंतजाम किए गए हैं।

पुलिस मुख्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य वीवीआईपी हस्तियों के आगमन को देखते हुए 'ब्लू बुक' के नियमों के तहत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। पटना एयरपोर्ट से लेकर गांधी मैदान तक के पूरे मार्ग और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। मंत्रिमंडल के इस पहले विस्तार में एनडीए के घटक दलों के बीच संतुलन

प्रधानमंत्री मोदी बनेंगे साक्षी

बनाने की कोशिश साफ दिख रही है। सूचनाओं के अनुसार, इस बार पुराने अनुभवी चेहरों पर भरोसा जताया गया है, हालांकि कुछ नए नामों को भी मौका मिलने की प्रबल संभावना है। भारतीय जनता पार्टी के खेमे से विजय कुमार सिन्हा, मंगल पांडेय, डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, और अंतरराष्ट्रीय शूटर श्रेयसी सिंह के नाम प्रमुखता से चर्चा में हैं।

राहुल गांधी का फर्जी पीए बनकर ठग लिए लाखों

देहरादून,(ईएमएस)। उत्तराखंड की राजनीति में राहुल गांधी के नाम पर हुई ठगी के सनसनीखेज मामले ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। कांग्रेस नेता भावना पांडेय से नेतृत्व परिवर्तन और अच्छे लोगों को टिकट दिलाने के नाम पर 25 लाख रुपये ऐंठने वाले गिरोह का पर्दाफाश होने के बाद अब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मंगलवार को मीडिया से बातचीत के दौरान गोदियाल बेहद भावुक नजर आए और उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दो महीनों से उनके खिलाफ गहरी साजिश रची जा रही थी। उन्होंने बताया कि शातिर ठग ने राहुल गांधी का पीए बनकर उन्हें भी अपने जाल में फंसाने की कोशिश की थी, जिसके कारण वे कई रातों तक सो नहीं पाए।

बड़ी आतंकी साजिश नाकाम...

एनआईए ने आईएसआईएस से जुड़े तीन आतंकियों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

अहमदाबाद (ईएमएस)। अहमदाबाद में एक बड़े आतंकी हमले की साजिश का पर्दाफाश हुआ है, जिसमें प्रतिबंधित संगठन आईएसआईएस से जुड़े तीन आतंकियों के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। जांच में सामने आया है कि ये आतंकी पारंपरिक बम धमाकों के बजाय जैविक हमले की तैयारी कर रहे थे, जो और भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता था। एनआईए की जांच के अनुसार, मुख्य आरोपी सैयद अहमद मोहियुद्दीन बेहद घातक जहर राइसिन बनाने की योजना पर काम कर रहा था।

» प्रायोगिक परीक्षण की भी तैयारी कर चुके थे

यह जहर एरंड (अरंडी) के बीजों से तैयार किया जाता है और इसकी बेहद कम मात्रा भी इंसान के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, आरोपी इंटरनेट के जरिए इस जहर को बनाने की तकनीक सीख रहे थे और इसके प्रायोगिक परीक्षण की भी तैयारी कर चुके थे। इस साजिश का खुलासा नवंबर 2025 में हुआ, जब गुजरात एटीएस को खुफिया सूचना मिली। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कलोल टोल प्लाजा के पास से हैदराबाद निवासी सैयद अहमद मोहियुद्दीन को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने अपने दो अन्य साथियों के नाम उजागर किए, जो उत्तर प्रदेश के निवासी हैं।

पंजाब में बीएसएफ ठिकानों के पास धमाके

अमृतसर(ईएमएस)। पंजाब के दो प्रमुख शहरों, जालंधर और अमृतसर में सीमा सुरक्षा बल के ठिकानों के करीब हुए दो शक्तिशाली धमाकों ने पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता पैदा कर दी है। इन धमाकों के बाद पंजाब पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट पर हैं। हालांकि राहत की बात यह रही कि इन घटनाओं में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है, लेकिन महत्वपूर्ण सैन्य और सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाए जाने की कोशिश ने अधिकारियों के होश उड़ा दिए हैं। पहला धमाका जालंधर के व्यस्त बीएसएफ चौक पर स्थित बीएसएफ मुख्यालय के पास हुआ। यहाँ एक भीड़भाड़ वाले इलाके में खड़े स्कूटर में अचानक जोरदार ब्लास्ट हुआ, जिसके तुरंत बाद वाहन में आग लग गई। चश्मदीदों के मुताबिक, धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

तेहरान के एक बाजार में लगी भीषण आग के बाद उठता हुआ धूआं। -फोटो-ईएमएस।

ईरान से बातचीत के बीच अमेरिका ने 'ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम' रोका

वॉशिंगटन(ईएमएस)। पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव और समुद्री संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक अप्रत्याशित निर्णय लेते हुए सबको हैरान कर दिया है। सामरिक रूप से महत्वपूर्ण 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' में फंसे व्यापारिक जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए शुरू किए गए अमेरिकी सैन्य मिशन ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम' को महज तीन दिनों के भीतर अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। यह वही महत्वाकांक्षी मिशन था जिसके तहत अमेरिका ने अपनी नौसेना और सुरक्षा बलों की भारी तैनाती कर जहाजों को सुरक्षा कवच देने का दावा किया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस फैसले के पीछे ईरान के साथ कूटनीतिक बातचीत में हुई 'बड़ी प्रगति' को मुख्य कारण बताया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान समेत कई मित्र देशों के अनुरोध पर और एक संभावित समझौते को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से इस ऑपरेशन को फिलहाल रोका गया है। हालांकि, ट्रंप ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि ईरान के खिलाफ की गई नाकेबंदी पूरी तरह जारी रहेगी।

ट्रंप ने किया चौंकाने वाला फैसला

इसका अर्थ है कि सामरिक दबाव कम नहीं किया गया है; न तो ईरान का कोई जहाज होर्मुज पार कर पाएगा और न ही अरब सागर से कोई शिप ईरान की सीमा में प्रवेश कर सकेगा।

जॉर्जिया ने कहा- ये दुष्प्रचार का खतरनाक तरीका....

इटली की पीएम मेलोनी की डीप-फेक तस्वीरें हुई वायरल

रोम(ईएमएस)। आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते दुरुपयोग ने अब विश्व के शीर्ष नेताओं की सुरक्षा और छवि के सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। इसी क्रम में इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी डीपफेक और एआई के गलत इस्तेमाल का नया निशाना बनी हैं। मेलोनी ने सोशल मीडिया पर अपनी फर्जी तस्वीरों के प्रसारित होने पर गहरी चिंता जताई है और इसे लोकतंत्र व व्यक्तिगत गरिमा के लिए एक बड़ा खतरा बताया है।

जॉर्जिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए बताया कि उनके विरोधियों द्वारा एआई से निर्मित उनकी नकली

तस्वीरों को असली बताकर फैलाया जा रहा है। मेलोनी ने इस पर तंज कसते हुए कहा कि जिसने भी ये तस्वीरें बनाई हैं, उन्होंने कम से कम उन्हें दिखने में काफी बेहतर बना दिया है। हालांकि, उन्होंने तुरंत इस बात पर जोर दिया कि यह मामला सिर्फ हंसी-मजाक का नहीं है, बल्कि दुष्प्रचार का एक खतरनाक तरीका है। उन्होंने कहा कि आज किसी की भी छवि बिगाड़ने और झूठी खबरें गढ़ने के लिए तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। मेलोनी ने चेतावनी देते हुए कहा कि डीपफेक एक खतरनाक हथियार है, जिसका उपयोग लोगों को गुमराह करने और मैनिपुलेट करने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने चिंता जताई कि वह एक प्रधानमंत्री के तौर पर अपना बचाव करने में सक्षम हैं, लेकिन आम नागरिक इस तकनीक के हमले से खुद को नहीं बचा पाएंगे। उन्होंने जनता से एक विशेष अपील की कि किसी भी सूचना या तस्वीर पर आंख मूंदकर भरोसा न करें।

राजनीतिक दल का प्रचार करते दिखाया गया

उन्होंने एक मूल मंत्र साझा किया: यकीन करने से पहले जांचें, और शेयर करने से पहले यकीन करें। डीपफेक का यह खतरा केवल इटली तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत में भी यह एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। भारतीय फिल्म जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें एआई की मदद से उनके चेहरे का गलत इस्तेमाल किया गया था। इसी तरह, अभिनेता आमिर खान का भी एक फर्जी वीडियो सामने आया था, जिसमें उन्हें एक राजनीतिक दल का प्रचार करते दिखाया गया था।

बॉलीवुड EXPRESS

प्रीति जिंटा का बयान खूब हो रहा वायरल

मुंबई (ईएमएस)। बॉलीवुड की फिल्म 'कल हो ना हो' से जुड़ा एक पुराना वीडियो आजकल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो मशहूर चैट शो कॉफी विद करण का है, जिसे फिल्म निर्माता करण जौहर होस्ट करते हैं। दरअसल, लंबे समय से यह चर्चा होती रही है कि फिल्म 'कल हो ना हो' के लिए पहले करीना कपूर खान को चुना गया था।

वीडियो में अभिनेत्री प्रीति जिंटा फिल्म को लेकर अभिनेत्री करीना कपूर खान के बयान पर खुलकर अपनी बात रखती नजर आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें फिल्म का प्रस्ताव भी दिया गया था, लेकिन फीस को लेकर बात आगे नहीं बढ़ सकी। बताया जाता है कि करीना कपूर ने फिल्म के लिए उतनी ही फीस की मांग की थी, जितनी फिल्म के मुख्य अभिनेता शाहरुख खान को दी जा रही थी। फीस को लेकर सहमति न बनने के बाद फिल्म अंततः प्रीति जिंटा को मिल गई। शो के दौरान करण जौहर ने प्रीति जिंटा से पूछा कि जब हर जगह यह कहा जा रहा था कि करीना फिल्म की पहली पसंद थीं और उनकी जगह उन्हें लिया गया, तब उन्हें कैसा महसूस हुआ था। इस सवाल का जवाब देते हुए प्रीति जिंटा ने बेहद दिलचस्प अंदाज में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी दुकान में जाकर जींस पहनकर देखता है, लेकिन उसे खरीदता नहीं है, तो वह जींस उसकी नहीं कहलाती। लेकिन जब कोई दूसरा व्यक्ति उसे खरीद लेता है, तो वह उसी की हो जाती है। प्रीति जिंटा ने आगे कहा कि जब करण जौहर ने उन्हें फिल्म की कहानी सुनाई थी, तब उन्हें सबसे ज्यादा हैरानी इस बात पर हुई थी कि आखिर कोई इतनी शानदार फिल्म को करने से मना कैसे कर सकता है। उन्होंने बताया कि उन्हें कहानी बेहद पसंद आई थी और वह इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश थीं।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर करीना कपूर ने फिल्म के लिए मना नहीं किया होता, तो शायद यह मौका उन्हें नहीं मिलता। इस बात के लिए उन्होंने मजाकिया अंदाज में करीना का धन्यवाद भी किया। इस दौरान शो में अभिनेता सैफ अली खान भी मौजूद थे। करण जौहर ने उनसे पूछा कि उनके अनुसार फिल्म में 'नैना' का किरदार कौन बेहतर निभा सकता था। इस पर सैफ अली खान ने कहा कि फिल्म देखने के बाद उन्हें लगता है कि उस किरदार में प्रीति जिंटा के अलावा किसी और की कल्पना करना मुश्किल है।

गलत संदर्भ में वायरल हो गया जान्हवी का इंटरव्यू, देनी पड़ी सफाई

मुंबई (ईएमएस)। हाल ही में सोशल मीडिया पर अभिनेत्री जान्हवी कपूर के एक पॉडकास्ट इंटरव्यू के कुछ हिस्सों को गलत संदर्भ में वायरल किया गया। इसके बाद इंटरनेट पर गलतफहमी फैल गई कि जान्हवी कपूर नशे की लत या शराब की समस्या से जुड़े अपने निजी अनुभव साझा कर रही थीं। हालांकि अब इस पूरे मामले पर मानसिक स्वास्थ्य संगठन अमाहा और 'ऑफ द रॉक्स' की ओर से आधिकारिक बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की गई है। दरअसल, जान्हवी कपूर हाल ही में उद्यमी और पॉडकास्ट होस्ट राज शमानी के शो में नजर आई थीं।

बातचीत के दौरान मानसिक स्वास्थ्य, नशे की समस्या और सहयोगी भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा हुई थी। लेकिन सोशल मीडिया पर इंटरव्यू के कुछ छोटे हिस्सों को अलग तरीके से पेश किया गया, जिसके कारण कई लोगों ने यह मान लिया कि अभिनेत्री खुद किसी प्रकार की एडिक्शन समस्या का सामना कर चुकी हैं। बढ़ती गलतफहमी के बाद अमाहा और 'ऑफ द रॉक्स' ने संयुक्त बयान जारी करते हुए साफ किया कि जान्हवी कपूर ने इस चर्चा में एक केयरगिवर और सहयोगी के रूप में हिस्सा लिया था। बयान में कहा गया कि वह उन लोगों के अनुभवों को समझने और उनके समर्थन की बात कर रही थीं, जो नशे की समस्या से जूझ रहे हैं। संगठन ने स्पष्ट किया कि जान्हवी कपूर ने कहीं भी यह दावा नहीं किया कि वह खुद शराब या किसी अन्य एडिक्शन की शिकार रही हैं।

तारा सुतारिया और आदित्य रॉय चर्चा में

बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। पिछले कुछ समय से उनका नाम अभिनेता वीर पहाड़िया के साथ जोड़ा जा रहा था, लेकिन अब दोनों के अलग होने की खबरें सामने आ रही हैं। हालांकि तारा और वीर की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, पर दोनों के बीच बढ़ती दूरियों ने ब्रेकअप की चर्चाओं को हवा दे दी है। इसी बीच, अब तारा सुतारिया का नाम अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के साथ जोड़ा जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों को कई निजी मौकों पर एक साथ देखा गया है, जिसके बाद उनके रिश्ते को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर भी प्रशंसक दोनों की जोड़ी को लेकर लगातार चर्चा कर रहे हैं और कई लोग उन्हें बॉलीवुड का नया कपल बता रहे हैं। सूत्रों की मानें तो दोनों के बीच अच्छी दोस्ती है, जो अब एक खास रिश्ते में बदलती दिखाई दे रही है।

अभिनेत्री तृषा का अनछुआ सपना

दक्षिण भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री तृषा कृष्णन आज करोड़ों दिलों पर राज करती हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि उनका पहला सपना अभिनेत्री बनने का नहीं था। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि बचपन से वह क्रिमिनल साइकोलॉजिस्ट बनना चाहती थीं और इसी क्षेत्र में अपना करियर बनाने का ख्वाब देखती थीं।

तृषा ने बताया कि उन्होंने चेन्नई से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की थी। पढ़ाई के दौरान उन्होंने मॉडलिंग शुरू की और बहुत कम समय में ही इसमें सफलता हासिल कर ली। वर्ष 1999 में उन्होंने 'मिस मद्रास' का खिताब जीता, जिसने उनके जीवन की दिशा पूरी तरह बदल दी। मॉडलिंग की दुनिया में पहचान मिलने के बाद उन्हें विज्ञापनों और फिर फिल्मों के ऑफर मिलने लगे। इसके बाद तृषा ने दक्षिण भारतीय सिनेमा में '96', 'सामी', 'गिल्ली', 'विन्नैथांडी वरुवाया' और 'पोन्नियन सेलवन' जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया, जिससे वह इंडस्ट्री की शीर्ष अभिनेत्रियों में शुमार हो गईं। उनकी अभिनय शैली और स्क्रीन प्रेजेंस को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

तृषा ने बताया कि इंडस्ट्री में शुरुआत आसान नहीं थी। उन्होंने छोटे किरदारों से अपने करियर की शुरुआत की, लेकिन उनकी मेहनत और अभिनय क्षमता ने उन्हें लगातार आगे बढ़ाया।

सीएसके को अंक तालिका में हुआ लाभ दिल्ली नीचे खिसकी

■ मुम्बई (ईएमएस)।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के साथ ही प्लेऑफ की अपनी संभावनाएं बरकरार रखी हैं। सीएसके की टीम की शुरुआत इस सत्र में अच्छी नहीं रही थी और वह शुरुआती तीन मैच हार गयी थी पर इसके बाद टीम ने अच्छी वापसी करते हुए लगातार मुकाबले जीते हैं। इससे अब उसके 10 मुकाबलों में पांच जीत के साथ ही 12 अंक हो गये है। इससे वह अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है।

वहीं, दूसरी ओर एक और हार से दिल्ली कैपिटल्स की प्लेऑफ की उम्मीदें कम हो गयी हैं। उसे पिछले पांच मुकाबलों में से चार में हार झेलनी पड़ी है। 10 मैच खेलने के बाद केवल चार जीत और 8 अंकों के साथ, दिल्ली की टीम इस समय अंक तालिका में सातवें स्थान पर खिसक गयी है। वहीं अंक तालिका में अब भी पंजाब किंग्स 9 मैचों में 6 जीत और एक मैच का परिणाम नहीं निकलने के बाद भी 13 अंकों के साथ नंबर एक पर बनी हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु भी इतने ही मैच खेलकर 6 जीत के साथ 12 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए बंद नहीं प्लेऑफ का रास्ता

मुम्बई (ईएमएस)। कप्तान ऋषभ पंत की लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र अच्छा नहीं रहा है और वह अब तक इस टूर्नामेंट में मिली सातवीं हार के साथ ही तकरीबन प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है हालांकि आधिकारिक तौर पर देखें तो तब भी सुपर जायंट्स की संभावनाएं बनी हुई हैं पर उसे बचे हुए सभी पांच मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। कप्तान ऋषभ ने भी स्वीकार किया कि उनकी टीम को अब टॉप-4 में पहुंचने के लिए काफी किस्मत की जरूरत होगी। वह गलत नहीं हैं, क्योंकि 9 मैचों में 2 जीत और 7 हार के साथ ही सुपरजायंट्स को अब प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अन्य टीमों के परिणामों के उसके अनुसार आने पर निर्भर रहना होगा।

प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को बनाये रखने के लिए, लखनऊ को अब अपने बचे हुए सभी मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। उन्हें 7 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), 10 और 15 मई को दो बार चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), 19 मई को राजस्थान रॉयल्स (आर) और 23 मई को पंजाब किंग्स (पंजाब किंग्स) का सामना करना है। इन सभी पांच मैचों में जीत से उन्हें 10 और अंक मिलेंगे, जिससे वे सत्र के अंत में 14 अंक हासिल कर सकते हैं

हालांकि, केवल अपनी जीत पर्याप्त नहीं होगी। लखनऊ की टीम को अपनी जीत के साथ यह भी उम्मीद करनी होगी कि पंजाब किंग्स , सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स जैसी मजबूत टीमें अपने ज्यादातर मैच जीतें। इससे ये टीमें 16 या उससे अधिक अंक हासिल कर शीर्ष-3 प्लेऑफ स्थानों को पक्का कर सकेंगी, जिससे चौथे स्थान के लिए मुकाबला खुला रहे। इसके अलावा उसे ये भी उम्मीद करनी होगी कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस अपने बचे हुए मैचों में हारें, ताकि वे 14 से अधिक अंक न बना सकें। उसके लिए बेंगलुरु को हराना भी अत्यंत जरुरी होगा। । कुल मिलाकर, प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए लखनऊ को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा, बल्कि अन्य टीमों के परिणामों के भी पूरी तरह से अनुकूल होने की प्रार्थना करनी होगी। इस प्रकार देखा जाये तो उसे चमत्कार की ही अधिक जरुरत है।

रोहित पहले ही खेलना चाहते थे पर मैंने रोका था : कोच जयवर्धने

मुम्बई (ईएमएस)। मुम्बई इंडियंस क्रिकेट टीम के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा एक सप्ताह पहले ही फिट हो गये थे और खेलने के लिए तैयार थे पर उन्होंने ही रोहित को कुछ और दिनों आराम दिया था। इसका कारण ये था कि रोहित हैमस्ट्रिंग चोट से उबरे थे। रोहित ने इसके बाद वापसी करते हुए ए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 84 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलायी थी।

जयवर्धने ने कहा कि रोहित अपनी हैमस्ट्रिंग चोट के बाद मैदान पर लौटने के लिए उत्सुक थे पर इस बार हमने उनके साथ थोड़ा और धैर्य रखा। आमतौर पर वह एक हफ्ते में ही लौट आते हैं, लेकिन हमने उन्हें एक अतिरिक्त सप्ताह दिया ताकि वह पूरी तरह तैयार हो सकें और अपनी इच्छानुसार खेल सकें। ये फैसला इसलिए लिया गया ताकि वह दौरान चोटिल न हो। टीम चाहती थी कि वह पूरी तरह से फिट होकर वापसी करें।

रोहित आरसीबी के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करने के दौरान ही चोटिल हो गये थे। उनकी उनकी अनुपस्थिति में मुंबई इंडियंस ने कई प्रयोग किये क्योंकि टीम उस दौरान टीम खराब दौर से गुजर रही थी। तीन सप्ताह के बाद रोहित ने अच्छी वापसी की। इस सत्र की पांच पारियों में उनके नाम 221 रन हैं, जिसमें उनका औसत 55.25 और प्रभावशाली स्ट्राइक रेट 174.01 रहा है। इस सत्र में उनके नाम दो अर्धशतक भी हैं, जो उनकी फॉर्म और टीम में उनके महत्व को दर्शाते हैं।वापसी के बाद, लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ रोहित ने रयान रिकेल्टन के साथ मिलकर 65 गेंदों में 143 रन की साझेदारी की।

फोटो-ईएमएस। सउदी अरब की जेद्दा में एएफसी अंडर 17 एशिया कप फुटबॉल में खेलते हुए चीन और इंडोनेशिया के खिलाड़ी।

धर्म

भक्तों को चावल के दानों में दर्शन देते हैं भगवान श्रीनाथजी

नाथद्वार में स्थित भगवान श्रीनाथजी का चमत्कारी मंदिर है। यह मंदिर कई चमत्कारी कहानियों के लिए जाना जाता है। माना जाता है कि श्रीनाथजी खुद भगवान विष्णु के अवतार हैं। पौराणिक मान्यता है कि जब भगवान श्रीकृष्ण सात साल के थे, तब वह यहां पर विराजमान हो गए थे। इस दौरान मंदिर में मौजूद श्रीकृष्ण की काले रंग की मूर्ति को एक पत्थर से तराशा गया है। वहीं यह अपने आप में हैरान कर देने वाली चीज है। यहां भगवान भक्तों को चावल के दानों में दर्शन देते हैं। इसलिए श्रद्धालु अपने साथ चावल लेकर जाते हैं। दर्शन के बाद श्रद्धालु इन चावलों को अपनी तिजोरी में रखते हैं, जिससे कि घर में धन कमी न हो।

उस समय श्रीनाथजी की मूर्ति जोधपुर के पास चौपासनी गांव में थी। चौपासनी गांव में कई समय तक बैलगाड़ी में श्रीनाथजी की मूर्ति की पूजा होती रही। हालांकि अब यह गांव जोधपुर का हिस्सा बन गया है। वहीं जिस जगह ये बैलगाड़ी खड़ी थी, वहां पर श्रीनाथजी का मंदिर बना है। कोटा से करीब 10 किमी दूर श्रीनाथजी की चरण पादुकाएं उसी दौरान आज तक वहीं रखी हुई है। इस स्थान को चरण चौकी के नाम से जानते हैं। मंदिर से जुड़े नियमों के मुताबिक सर्दियों में प्रभु श्रीनाथजी को उठाकर भोग लगाया जाता है। वहीं रात में प्रभु को सुलाने के लिए कवियों के पदों का गान किया जाता है। श्रीनाथजी के शयनानन्तर तक बीन भी बजाई जाती है।

कामधेनु गाय देती है शुभ फल

हमारे जीवन में वास्तु शास्त्र का महत्व काफी ज्यादा बताया गया है। कहा जाता है अगर किसी भी कार्य को करने से पहले या फिर करने के दौरान वास्तु शास्त्र में बताये गए नियमों का पालन किया जाता है तो इसके परिणाम काफी शुभ और सकारात्मक होते हैं. वहीं, जब इन नियमों को नजरअंदाज किया जाता है तो इसके परिणाम भी उतने ही बुरे हो सकते हैं। सनातन धर्म के अनुसार कामधेनु गाय में देवी-देवताओं का निवास होता है। इसे घर पर रखने से इंसान की हर मनोकामना पूरी होती है। वास्तु शास्त्र की अगर मानें तो जब आप इसे रखते हैं तो इससे सुख समृद्धि का वास आपके घर पर होता है.

किस जगह रखें कामधेनु की मूर्ति ?

वास्तु शास्त्र की अगर मानें तो आपको कामधेनु गाय की मूर्ति को अपने घर के ईशान कोण में रखना चाहिए। इसे सबसे ज्यादा शुभ माना जाता है। आप अगर चाहें तो कामधेनु गाय की मूर्ति को घर के पूजास्थल या फिर मुख्य द्वार पर रख सकते हैं। अगर आप मूर्ति नहीं रख पा रहे हैं तो ऐसे में तस्वीर लगाना भी काफी शुभ माना जाता है.

अगर आप अपने घर पर कामधेनु गाय की मूर्ति स्थापित करने जा रहे हैं तो इस बात का ख्याल रखें कि वह सोना, चांदी, पीतल, तांबे या फिर मार्बल की बनी हुई हो। आप अगर चाहें तो चीनी मिटटी से बनी मूर्ति भी अपने घर पर रख सकते हैं। अगर आप अपने घर में सही जगह पर कामधेनु गाय की मूर्ति स्थापित करते हैं तो इससे आपको वास्तु दोषों से छुटकारा मिल सकता है। केवल यहीं नहीं, जब आप इसे अपने घर पर रखना शुरू कर देते हैं तो आपकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर हो जाती है।

भगवान कार्तिकेय के मंदिर में महिलाओं को नहीं मिलता है प्रवेश

भगवान कार्तिकेय के भारत में अनेकों मंदिर हैं। खासकर दक्षिण भारत में स्वामी कार्तिकेय के अनेकों मंदिर हैं। जहां पर स्वामी कार्तिकेय की पूजा की जाती है। हालांकि वहां पर महिलाओं का जाना वर्जित है। एक ऐसा ही मंदिर पिहोवा के सरस्वती तीर्थ पर स्वामी कार्तिकेय के नाम से जाना जाता है। हरियाणा के पिहोवा में एक ऐसा मंदिर है, जहां पर महिलाओं के प्रवेश पर पाबंदी लगी है। हालांकि महिलाएं खुद इस मंदिर में नहीं जाना चाहती हैं। इस मंदिर में महिलाओं के न जाने की वजह मंदिर के श्राप को माना जाता है। इस श्राप का डर महिलाओं के दिमाग में इस कदर है कि यहां पर वह खुद से नहीं जाना चाहती हैं। इस मंदिर में महिलाओं के न जाने का क्या कारण है।भगवान कार्तिकेय द्वारा स्त्री को श्राप देना है। पौराणिक मान्यता है कि है कि जब भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती ने भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय से पृथ्वी का चक्कर लगाने को कहा। तो कार्तिकेय जी मोर पर बैठकर पृथ्वी का चक्कर लगाने निकल गए। लेकिन भगवान गणेश मां पार्वती और शिवजी के चक्कर लगाने लगे। तीन चक्कर लगाने के बाद गणेश ने कहा कि उन्होंने संपूर्ण जगत की परिक्रमा कर ली है। जिसके बाद भगवान शिव ने गणेश का राजतिलक कर दिया। साथ ही गणेश जी को शुभ-अशुभ कार्यों में पूजा का अधिकार दे दिया। इस घटना के बारे में देवर्षि नारद ने भगवान कार्तिकेय को बताया।



मनी प्लांट के पौधे को सही दिशा में लगायें

वास्तु शास्त्र के मुताबिक अगर मनी प्लांट के पौधे को सही दिशा में लगाया जाए, तो इससे घर में सुख-समृद्धि आती है और धन का प्रवाह भी बढ़ता है। घर की साज-सज्जा के अलावा वास्तु शास्त्र के हिसाब से मनी प्लांट का पौधा लगाना काफी अहम माना जाता है। कई बार लोग इसको गमले में मिट्टी में लगाते हैं। हालांकि कुछ लोग इसको कांच की बोतल या फिर जार में लगाना पसंद करते हैं। वास्तु शास्त्र के मुताबिक अगर मनी प्लांट के पौधे को सही दिशा में लगाया जाए, तो इससे घर में सुख-समृद्धि आती है और धन का प्रवाह भी बढ़ता है। वास्तु शास्त्र के मुताबिक कांच की बोतल में मनी प्लांट को लगाना शुभ माना जाता है। इससे घर में पॉजिटिव एनर्जी बढ़ती है और आर्थिक समृद्धि लाने में भी सहायक होता है। लेकिन इसके लिए कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना जरूरी है। मनी प्लांट के पौधे को उत्तर-पूर्व या फिर दक्षिण पूर्व दिशा में रखने से धन वृद्धि होती है। मनी प्लांट कांच की बोतल में आकर्षक लगता है। साथ ही यह इंटीरियर को भी खूबसूरत बनाता है पर इसके लिए इन बातों का ध्यान रखें। बोतल में गंदा और बदबूदार पानी रखने से निगेटिव एनर्जी बढ़ सकती है। इसलिए हर 4-5 दिन में पानी बदलते रहें। अगर मनी प्लांट की पत्तियां सूख रही हैं, तो इसको फौरन हटा दें। वरना यह निगेटिव एनर्जी बढ़ा सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हर व्यक्ति का हक सीधे उसके खाते में पहुंचाने का संकल्प लिया और उसे साकार किया

प्रदेश में उद्योग का कैनवास तैयार,अब समय रंग भरने का -मुख्यमंत्री

कम समय और संसाधनों में जो श्रेष्ठ परिणाम दे वही सफल उद्यमी है

बुरहानपुर।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में उद्योगों के लिए नई भूमि और उसका केनवास तैयार हो चुका है, अब हम उद्योगपतियों के साथ मिलकर योजनाओं और नीतियों के सहारे रंग भरने का काम कर रहे है। इसमें नव उद्यमिता के लिए पर्याप्त नए अवसर पैदा किये जा रहे है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से देश की अर्थव्यवस्था सक्षमता के साथ बढ़ रही है। दक्षिण के द्वार के नाम से प्रसिद्ध बुरहानपुर, प्रदेश के विकास का द्वार है। बुरहानपुर में उद्यम और परिश्रम के संस्कार हैं, जिले के लोगों के हुनर बहुमुखी हैं।

कृषि से लेकर उद्योगों तक सभी क्षेत्रों में बुरहानपुर में गतिशीलता का वातावरण है। बुरहानपुर के विकास को नई दिशा देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार बुरहानपुर की क्षमता- योग्यता को वैश्विक स्तर तक पहुंचाने के लिए स्थानीय उद्योग जगत के साथ परस्पर विश्वास, सहयोग और साझेदारी के साथ आगे बढ़ेगी।

व्यापारिक कल्याण बोर्ड के गठन से संभावनाओं को नया आयाम मिलेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 24×7 सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। हमारा मुख्य लक्ष्य तेजी से उद्योगों की स्थापना कर स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। इसी उद्देश्य से वर्ष 2025 को औद्योगिक वर्ष के रूप में समर्पित किया गया। शासन द्वारा प्रदेश में उद्योगों के विकास के लिए हर स्तर पर कार्य किया जा रहा है। मंत्रीपरिषद द्वारा कल ही प्रदेश में राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड (STWB) और जिला स्तरीय समितियों के गठन को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जिला स्तर पर संचालित विकास गतिविधियों में जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारियों के साथ ही जन सामान्य की भूमिका हो, यह सुनिश्चित करने के लिए विकास समितियां गठित की गई है। इन समितियों में उद्योग और उद्यमिता को प्रोत्साहन जैसे विषयों को भी शामिल किया जाएगा। हम चाहते है कि विश्व में सामग्री सप्लाई करने वाले उद्योगपति हमारे देश और प्रदेश के हो, इसी मंशा के साथ प्रदेश में औद्योगिक अधोसंरचना का केनवास तैयार किया जा रहा है।

बुरहानपुर के सुखपुरी को इंडस्ट्रियल बेल्ट के रूप में विकसित किया जाएगा, साथ ही औद्योगिक क्षेत्र रेहटा में नवीन मार्ग भी बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुरहानपुर के श्री परमानंद गोविंदजी वाला ऑडिटोरियम परिसर में आयोजित उद्यमी संवाद को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऑडिटोरियम परिसर में उद्यमियों के उत्पादों का अवलोकन किया तथा उनसे संवाद भी किया। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट तथा बुरहानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस विशेष रूप से उपस्थित थीं।

पुराने कानून खत्म कर औद्योगिक विकास के नए नियम बनाये

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन ने उद्योगों के विकास के लिए उद्योग मित्र नीतियां बनाई हैं। जो कानून निर्थक हो चुके थे, उन्हें खत्म कर नए नियम बनाकर उद्योगों के लिए नए रास्ते और अवसर तराशे गए हैं। तुवर दाल पर लगने वाले टैक्स को भी खत्म किया गया, अब आगे कपास को लेकर भी विचार किया जा रहा है। यह सब उद्यमियों से संवाद के बाद किया गया।

जिला पंचायत सीईओ ने 'प्रोजेक्ट संवर्धन' अभियान के तहत शिशु का स्वास्थ्य निरीक्षण किया

उज्जैन।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांस कूमट ने आज उप स्वास्थ्य केन्द्र बिनपुरा के अंतर्गत ग्राम लाखाखेड़ी नाहरपुर में शासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट संवर्धन अभियान के अंतर्गत हितग्राही रवीना (पिता कमलेश) के घर पहुंचकर नवजात शिशु प्रियांशी का विस्तृत स्वास्थ्य निरीक्षण किया।शिशु प्रियांशी का जन्म 10 दिसंबर 2025 को सिविल अस्पताल में हुआ था। जन्म के समय शिशु का वजन मात्र 3 किलोग्राम तथा लम्बाई 30 सेंटीमीटर थी। एएनएम श्रीमती उषा गोयल द्वारा शिशु को गोद लेकर पोषण संबंधी विशेष देखभाल शुरू की गई।

माता रवीना को प्रोटीन युक्त भोजन, दूध, दही, पनीर, अंकुरित अनाज, दालें, सोयाबीन, हरी पत्तेदार सब्जियाँ, फल, जड़कंद तथा मिक्स प्रोटीन युक्त खिचड़ी के साथ-साथ नियमित स्तनपान की विस्तृत सलाह दी गई।

परिणाम स्वरूप शिशु का वजन प्रतिदिन औसतन 50 ग्राम की दर से बढ़ा। आज निरीक्षण के दौरान शिशु प्रियांशी का वजन 7 किलोग्राम 100 ग्राम तथा लम्बाई 65 सेंटीमीटर पाई गई। शिशु पूर्ण रूप से स्वस्थ, क्रियाशील और हृष्ट-पुष्ट दिखाई दी।मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांस कूमट ने स्वयं शिशु को गोद में उठाया और एएनएम उषा गोयल की उपस्थिति में वजन एवं लम्बाई मापी।

उन्होंने एएनएम उषा गोयल की निरंतर निगरानी, समयबद्ध कार्यप्रणाली और लगन की सराहना की तथा उन्हें उत्साहित किया।

गर्मी से दूष्प्रभाव से बचाव व रोकथाम की जागरूकता

उज्जैन। माह मार्च से माह जुलाई तक तापमान में बढ़ोत्तरी परिलक्षित होती है। वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग (Global Warming) के कारण जलवायु परिवर्तन से तापमान में हो रही वृद्धि के कारण हमारे स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव परिलक्षित होता है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा बताया कि अधिक तापमान के कारण होने वाले स्वास्थ्य पर दूष्प्रभावों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए समयानुसार उपाय किए जाए, ताकि मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानि से यथासंभव बचाया जा सकें।

त्रिवेणी घाट पर विशेष अभियान चलाकर सफाई की गई

उज्जैन।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के टीएल बैठक में दिए निर्देशानुसार शिप्रा नदी घाटों की नियमित सफाई एवं सौंदर्यीकरण के क्रम में बुधवार को शनि मंदिर के त्रिवेणी घाट पर एक व्यापक सफाई अभियान आयोजित किया गया।

इस अभियान में जनपद उज्जैन के साथ-साथ समस्त संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सफाई कार्य में डेंडिया, राघोपिपलिया एवं सिंकदरी ग्राम पंचायतों द्वारा ट्रैक्टर, जेसीबी एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था कर आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। अभियान का उद्देश्य शिप्रा नदी के पवित्र घाटों को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना है ताकि श्रद्धालु और पर्यटक बिना किसी परेशानी के यहां आ सकें।

फायर सेफ्टी सप्ताह

बिना वैध अग्नि सुरक्षा प्रमाणीकरण के अस्पताल संचालन करने वाले पर की जाएगी की कार्यवाही

उज्जैन।

वर्तमान में ग्रीष्मकालीन में तापमान में वृद्धि होने से प्राय: चिकित्सालयों में अग्नि दुर्घटना की संभावना हाई इलेक्ट्रिक लोड वाले इकाईयों में होती है। अत: रोगियों के हित में अपेक्षित है कि जिले के समस्त शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में सदैव सुदृढ़ अग्निशमन व्यवस्थाएं उपलब्ध रहे।

इसके लिए शासकीय एवं निजी अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा से संबंधित नियमों का नगरीय एवं आवास विभाग द्वारा जारी फायर सेफ्टी प्रमाण-पत्र विषयक परिपत्र एवं ऊर्जा विभाग द्वारा जारी विद्युत सुरक्षा प्रमाण-पत्र संबंधी परिपत्र का अनुपालन किया जाना है।

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा बताया कि भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मार्गदर्शी निर्देश के अनुक्रम में समूचे देश में दिनांक 04 मई से 10 मई तक देशव्यापी फायर सुरक्षा सप्ताह 2026 का आयोजन किया जा रहा है

ताकि स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के सभी स्तरों पर अग्नि सुरक्षा के निर्धारित उपायों के प्रति जागरुकता, तत्परता एवं अनुपालन सुनिश्चित हो।

विदित हो कि इस वर्ष अग्नि सुरक्षा सप्ताह की थीम **Safe School, Safe Hospital & Fire Safety Aware Society Together for Fire Prevention** है।

इस दौरान समस्त चिकित्सालयों (जिनमें निजी चिकित्सालय भी सम्मिलित हैं) में उपलब्ध अग्निशमन व्यवस्थाएं तथा यथोचित एवं वैध अग्नि सुरक्षा प्रमाणीकरण की उपलब्धता की सघन निगरानी की रही है।

फायर सुरक्षा सप्ताह के दौरान ऐसे निजी चिकित्सालय/निजी नर्सिंग होम वैध अग्नि सुरक्षा प्रमाणीकरण प्राप्त करें।

इस अवधि के पूर्व प्रमाणीकरण की आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर लें।

इस सप्ताह के दौरान उज्जैन जिले में बिना वैध अग्नि सुरक्षा प्रमाणीकरण के अस्पताल संचालन को वर्जित करते हुए पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएंगी।

डेंगू मलेरिया से बचाव के लिए रखें सावधानी

उज्जैन।

डेंगू मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरों से सावधान रहे। डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है, यह मच्छर दिन मे काटता है। डेंगू के अधिकांश मामले पूरी तरह से ठीक हो जाते है और उनका प्रबंधन घर पर भी किया जा सकता है। डेंगू मलेरिया के बचाव व नियंत्रण के लिए अपने घर परिसर और आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। अपने घर के सिंक, गमले, हौज आदि में साफ-सफाई रखें। इसके साथ ही घरों की छतों पर अटाला या गंदगी न होने दें।

डेंगू मलेरिया फैलाने वाले मच्छर कहाँ पैदा होते हैछत पर रखी पानी की खुली टंकियां। टूटे बर्तन, मटके, कुल्हड, गमलों में एकत्र जल में। बेकार फेकें हुए टायरों में एकत्र जल में। बिना ढंके बर्तनों में एकत्र जल में। कूलर में एकत्र जल में। किचन गार्डन में रूका हुआ पानी। गमले, फूलदान, सजावट के लिए बने फव्वारे में एकत्र जल में ऐसे करें बचाव डेंगू से बचावडेंगू फैलाने वाले मच्छर रुके हुए पानी में पनपते हैं। इससे बचने के लिए टायर, प्लास्टिक कवर, फूल के बर्तन, पालतू जानवरों के पानी के कटोरे आदि जैसी चीज़ों को ढकें। इन मच्छरों के प्रजनन के लिए उपलब्ध आवास को कम करने (स्थिर पानी को खाली करने से) से डेंगू बुखार की रोकथाम में सहायता मिल सकती है। विशेष रूप से घनी आबादी और भीड़ वाले स्थानों में मच्छर निरोधकों का उपयोग करने से मच्छरों को आपसे दूर रखने में मदद मिल सकती है। कुछ क्षेत्रों की यात्रा करते समय और यहां तक कि जब आप घर पर हों, तो भी अपनी त्वचा पर मच्छर प्रतिरोधी क्रीम लगाएं।

मच्छरों के काटने से बचने के लिए लंबी बाजू के कपड़े और मोटे पैंट, मोज़े और सुरक्षित जूते पहनें। डेंगू बुखार की रोकथाम के आपके प्रयास में, मच्छरदानी के नीचे सोने से आपको मच्छरों के काटने से सुरक्षा मिल सकती है। रुके हुए पानी में मच्छर पनपते हैं। फूलों के बर्तनों को खाली करें, अपने पालतू जानवर के पानी के कटोरे को साफ करें और बदलें, अपने घर के अंदर किसी भी पानी के पौधे को रखने से बचें, सुनिश्चित करें कि पानी से भरा हुआ हर बर्तन ढका हुआ हो।डेंगू के सामान्य लक्षणतेज बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों या जोड़ों में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी आना, आँखों में दर्द होना, विभिन्न अंगों में सूजन, डेंगू के गंभीर लक्षण, गंभीर पेट दर्द, लगातार उल्टी होना, मसूड़ों या नाक से खून आना, मल या उल्टी में खून आना, तेजी से सांस लेना, थकान, बेचैनी, त्वचा के नीचे ब्लीडिंग इनमें से 2 या अधिक लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। कई बार प्लेटलेट्स कम होने पर यह बुखार खतरनाक हो जाता है। मरीज की जान भी जा सकती है। गंभीर मामलों में गंभीर रक्तस्राव और शॉक सिंड्रोम लगता है, जिससे जान को खतरा हो सकता है। यदि बुखार हो तो क्या करेंबुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच कराएं।

मलेरिया की पुष्टि होने का पूरा उपचार लें। खाली पेट दवा कदापि न लें। मलेरिया की खून की जांच व उपचार सुविधा समस्त शासकीय अस्पतालों पर नि:शुल्क उपलब्ध है।

गंभीर कुपोषण व गंभीर एनीमिया के सफल उपचार से लक्ष्मी हुई स्वस्थ

उज्जैन।

घट्टिया तहसील के गांव घोंसला निवासी कन्हैयालाल एवं रामकला की 16 माह की पुत्री लक्ष्मी गंभीर कुपोषण एवं गंभीर एनीमिया (हीमोग्लोबिन मात्र 2.4 ग्राम/डेली, वजन मात्र 6.620 किग्रा) से पीड़ित थी।माता-पिता ने बच्ची को जिला चिकित्सालय उज्जैन, चरक भवन स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के मार्गदर्शन में चिकित्सक डॉ. पूजा गेहलोत, पोषण प्रशिक्षक श्रीमती सोनल ठाकुर एवं समस्त टीम ने दो सप्ताह तक निरंतर उपचार, पोषण आहार एवं देखभाल प्रदान की।उपचार के बाद उसका वजन बढ़कर लगभग 7 किग्रा और हीमोग्लोबिन बढ़कर 15.5 ग्राम हो गया। लक्ष्मी पूर्ण स्वस्थ होकर घर लौट गई।

माता-पिता को निरंतर पोषण आहार एवं देखभाल की सलाह दी गई तथा प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

शा. ज्ञानोदय विद्यालय लालपुर में सत्र 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित

उज्जैन। प्राचार्य शा. ज्ञानोदय विद्यालय लालपुर से प्राप्?त जानकारी अनुसार अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित संभाग स्तरीय शा. ज्ञानोदय विद्यालय लालपुर अंतर्गत शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 11वीं में रिक्त सीटों के विरूद्ध कुल रिक्त 71 सीट के लिए, बालक 42 एवं कन्या 29 के लिए आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। रिक्त सीटों में परिवर्तन हो सकता है। संस्था में प्रवेश के लिए पूर्व कक्षा में 60 प्रतिशत प्रथम श्रेणी या,क्रग्रेड में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिंह ने एक व्यक्ति को छह माह के लिए जिला बदर किया

उज्जैन।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने थाना भैरवगढ़ निवासी अशोक जाट पिता देवराम जाट को छह माह के लिए जिला बदर किया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है।

आदेश के तहत मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत उज्जैन जिला एवं उज्जैन जिले की सीमावर्ती जिले देवास, इंदौर,रतलाम,शाजापुर,मंदसौर,धार एवं आगर मालवा की राजस्व सीमाओं से छह माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। यदि उक्त अनावेदक के विरूद्ध कोई प्रकरण उज्जैन जिले में स्थित न्यायालय में चल रहा हो तो वे नियत पेशी पर उपस्थित हो सकेंगे, परन्तु इसके पूर्व अनावेदक को संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी।

वृक्षारोपण, तालाब जीर्णोद्धार एवं अन्य विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया

उज्जैन।

बुधवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उज्जैन श्रेयांस कूमट द्वारा जनपद पंचायत महिदपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खेड़ा खजुरिया, ग्राम पंचायत लसुड़िया मनसूर, ग्राम पंचायत गोगापुर, ग्राम पंचायत कानाखेड़ी एकलासपुर एवं ग्राम पंचायत बयैया का भ्रमण किया गया।

भ्रमण के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चल रहे जल संरक्षण कार्यों, प्रस्तावित वृक्षारोपण, तालाब जीर्णोद्धार एवं अन्य विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।ग्राम पंचायत खेड़ा खजुरिया में आंगनवाड़ी भवन पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा कवर्ड नाली का निरीक्षण किया गया।ग्राम पंचायत लसुड़िया मनसूर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चेकडैम का निरीक्षण किया गया।

आसपास निर्मित कपिल धारा कूप में जल स्तर वृद्धि का अवलोकन कर स्थानीय कृषकों को फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए फसल परिवर्तन (क्रॉप डाइवर्सिफिकेशन) की समझाइश दी गई।ग्राम पंचायत गोगापुर प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए स्थल निरीक्षण किया गया।

ADB बैंक के ट्रस्कफंड से संचालित तालाब जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

ग्राम पंचायत कानाखेड़ी एकलासपुर अटल पंचायत भवन एवं शांतिधाम का निरीक्षण किया गया तथा आसपास वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम पंचायत बयैया जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रगतिशील अमृत सरोवर को निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत महिदपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी मीना झा, जनपद सदस्य प्रताप सिंह परिहार, जनपद सदस्य प्रतिनिधि बाबूदास बैरागी तथा तकनीकी अमला (सहायक यंत्री, उपयंत्री), ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

भारतीय डाक विभाग द्वारा उज्जैन संभाग में आधार विशेष शिविर का आयोजन

उज्जैन।

भारतीय डाक विभाग, मालवा संभाग उज्जैन द्वारा आम जनता की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। विभाग द्वारा शनिवार को उज्जैन संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी आधार केंद्रों पर विशेष आधार शिविरका आयोजन किया जाएगा।इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को आधार कार्ड बनवाने और पुराने आधार को अपडेट करने की सुगम सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है। जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उज्जैन मुख्य डाकघर उज्जैन माधव नगर पोस्ट ऑफिस, उज्जैन एम.एल.नगर पोस्ट ऑफिस, उज्जैन सिटी पोस्ट ऑफिस में यह कार्य सुबह 8:00 बजे से रात्रि 6:00 बजे तक निरंतर जारी रहेगा।उपलब्ध सेवाएं नए आधार कार्ड बनवाना, मोबाइल नंबर अपडेट करना, पता सुधारना और बायोमेट्रिक अपडेट जैसी सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उज्जैन संभाग के सभी डाकघर आधार केंद्रों पर यह विशेष कार्य शनिवार को संपन्न होगा। प्रवर अधीक्षक डाकघर, मालवा संभाग उज्जैन ने आम जनता से अपील की है ।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com